CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29° C
न्यूनतम: 16° C

नई दिल्ली, रविवार 12 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 191 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे: योगी पेज 2



भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा, वेस्टइंडीज से 378 रन आगे खेल टाइम्स



ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पेज 11



दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड

# बागपत: मस्जिद में मौलाना की पत्नी व दो बेटियों की हत्या

## ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बड़ौत।** गांगनौली गांव में शनिवार को दिल दहलाने वाली घटना हो गई। गांव की बड़ी मस्जिद के इमाम की पत्नी व उनके दो बच्चों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इन तीन हत्याओं का पता उस समय लगा, जब मस्जिद में प्रतिदिन पढ़ने आने वाले बच्चे वहां पहुंचे। यहां उन्हें जब कोई नहीं मिला, तो मस्जिद के ऊपर बने कमरे में पहुंचे।

वहां तीनों के शव खून से लथपथ बैड व फर्श पर पड़े देखकर बच्चे किलकारी मारते हुए बाहर भागे। पड़ोसियों ने उनसे पूछताछ की, तो तब घटना का पता लगा। सूचना पाकर एसपी, एएसपी, सीओ व आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया कि मौलाना इब्राहिम देवबन्द गए थे। उन्हें घटना की सूचना दी गई। पुलिस शवों को कब्जे में करने लगी तो लोगों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस से लोगों की जमकर नोक-झोंक हुई। लोगों ने एसपी के तीन दिन में हत्यारे का पता लगाकर जेल भेजने के आश्वासन पर शव उठने दिए। गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद में शामली जिले के सुन्ना गांव निवासी -शेष पृष्ठ दो पर



- पीट-पीटकर वारदात को दिया गया अंजाम, लोगों में भारी आक्रोश

### सिर पर भारी हथियार से किया गया वार

तीनों के सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरे से ब्लड निकल रहा था। पूरे कमरे में खून ही खून फैला पड़ा था। तीनों शवों को देखने से साफ लग रहा है कि हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई है। वारदात के वक्त मौलाना इब्राहिम घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

# मेरी भारत यात्रा से पाक में बेचैनी: अमीर मुत्ताकी

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने देवबन्द में कहा: भारत से रिश्ते होंगे मजबूत

**देवबन्द।** देवबन्दी विचारधारा मानने वाले अफगानिस्तान के युवा विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी भारत यात्रा से पाकिस्तान हुक्मरान में जबरदस्त बेचैनी है।

देवबन्दी विचारधारा के शिक्षण केंद्र दारुल उलूम के अतिथि गृह में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं। उन्हें भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली है। उन्हें भरोसा है कि भारत से उनके मुल्क के रिश्तों में मजबूती और गर्माहट आएगी। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता संभालने के बाद वहां के किसी भी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वह नौ अक्टूबर को भारत आए थे और 16 अक्टूबर को उनकी वतन वापसी है। शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई बातचीत को उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ कारोबार बढ़ेगा। उन्हें यह भी विश्वास है कि भारत देर-सवेर उनकी सरकार को मान्यता दे देगा। श्री मुत्ताकी का दारुल उलूम में जोश-खरोश से स्वागत किया गया। संस्था के प्रमुख मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने संस्था का इतिहास और उसकी स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और यहां की शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। मोहतमिम नोमानी ने कहा कि यदि अफगानी छात्रों को दोनों सरकारें दारुल उलूम में शिक्षा देने के दरवाजे खोलती है, तो वह उसका स्वागत करेंगे। जमीयत उलमाए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने उन्हें इस संस्था से पुराने रिश्तों -शेष पृष्ठ दो पर



- भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं: मुत्ताकी
- बोले- भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली

## दारुल उलूम देवबन्द, जहां से उठती है इल्म और इंकलाब की रोशनी

अथर उस्मानी

**देवबन्द।** वो इल्मी और रूहानी मरकज़ जहां से न सिर्फ़ आलिम और मुफ़स्सिर निकले, बल्कि मुल्क की आज़ादी और उम्मत की रहनुमाई का अलम भी बुलंद हुआ।

दारुल उलूम देवबन्द की अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अफ़ग़ानिस्तान के वज़ीर-ए-ख़ारिजा अमीर ख़ान मुत्ताक़ी खुद देवबन्द पहुंचे ताकि आख़िरी सबक (दौर-ए-हदीस) पढ़ सकें, यानी वो मुक़ाम जहां से किसी आलिम की तकमील-ए- इल्म होती है। ये कोई मामूली वाक़या नहीं है। जिस शख़्स के ज़िम्मे एक मुल्क की बाहरी सियासत है, वो अब दारुल उलूम, देवबन्द के उस्तादों से इल्म की रोशनी लेने आया है, यानी इल्म की ताक़त को सियासत पर हावी मानना, यही असल देवबन्दी फ़िक्र है। 1857 की जंग-ए-आज़ादी के बाद जब अंग्रेज़ों ने दिल्ली की रूह को कुचल दिया, तो देवबन्द की इस ज़मीन पर कुछ सादगी पसंद उलेमा ने मशाल-ए-इल्म जलाई।

- दुनिया में बहुत से मदरसे हैं, लेकिन कुछ जगह वक्त से आगे निकलकर तारीख़ का हिस्सा बन जाती हैं, ऐसी ही एक जगह है दारुल उलूम

## पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है।

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों जैसी समस्याओं के कारण लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है।



- कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण पर जोर दिया

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी ने पूर्व IPS पूरन कुमार की पत्नी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित करने वाली घटना है। उनका कहना था कि श्री पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। श्रीमती गांधी ने श्रीमती अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की दुखद दुर्घटना में मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन समय में मेरी और कांग्रेस संसदीय दल की ओर से आपको और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदना।

### शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार के प्रयास का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** भारत ने प्रतिष्ठित क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बैज हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना की पहली फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की बैज हासिल करने के समय की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार करने की पाकिस्तान की कोशिशों का शनिवार को पर्दाफाश कर दिया। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के इस दावे की भी पोल खोल दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने इस महिला फाइटर पायलट के विमान को गिराकर उन्हें पकड़ लिया था। दरअसल वायुसेना ने तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल में छह महीने का गहन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59 अन्य अधिकारियों के साथ यह प्रतिष्ठित बैज हासिल करने के समय की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी।

### रिलायंस पावर के सीएफओ अशोक कुमार पाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी का यह मामला 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़ा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) को धोखा देने से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने शुक्रवार रात दिल्ली में कई घंटे की पूछताछ के बाद अशोक कुमार पाल को हिरासत में लिया। एजेंसी ने उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। शनिवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी उनकी रिमांड की मांग कर सकती है।

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए: मोदी

## पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा, पीएम ने 35 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20 फीसदी बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17 फीसदी बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15 फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

- पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया उद्घाटन



### ओडिशा में 160 करोड़ की दो मत्स्य परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा को एक बड़ी सौगात दी है। इसके तहत पीएम मोदी ने ओडिशा में करीब 160 करोड़ रुपये की दो बड़ी मछली पालन (मत्स्य) परियोजनाओं की वर्चुअली आधारशिला रखी। ये आयोजन दिल्ली से हुआ, जहां उन्होंने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर दाल मिशन की भी शुरुआत की। ओडिशा की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल सिन्हा ने दो शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सेना के दो शहीद पैराट्रूपर्स लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष को पुष्पांजलि अर्पित की, जो एक आतंकवादी अभियान के दौरान खराब मौसम से जूझते हुए शहीद हो गए थे। लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष ने कोकरनाग के किश्तवाड़ रेंज में खराब मौसम की स्थिति से जूझते हुए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराज्यपाल ने कहा, ष्मैं सेना के बहादुर जवानों लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों की अनुकरणीय वीरता एवं निस्वार्थ सेवा के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। हम दुख की इस घड़ी में अपने शहीदों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अर्धरात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के चकभूईधर गांव में शुक्रवार की रात आठ बनवासी लोगों का रिहायशी बस्ती जलकर राख हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि रंजिश की वजह से बस्ती जलाया गया है। बताया जाता है कि गांव में पुलिस चौकी के पीछे तालाब की जमीन पर बनवासी बस्ती है। पीड़ितों के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे मड़हों में आग लग गई है। किसी तरह बस्ती के लोगों ने बाहर निकल कर जान बचाई। अग्नि की लपटें इतनी तेज थी कि सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका।

## एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे : योगी

# कालीन उद्यमी अमेरिकी टैरिफ से न घबराएं

**भदोही, वार्ता**



■ सीएम ने भदोही में अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही के कालीन उत्पादकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है।

योगी ने यहां 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा ष्जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है, जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से तीन से चार सौ फॉरेन बायर्स यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि ग्लोबल मार्केट में आपके कालीनों की मांग कितनी बढ़ी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी सरकार ने कार्पेट सेक्टर सहित एमएसएमई और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) योजना के तहत प्रत्येक जिले में विशिष्ट उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल, फिरोजाबाद के ग्लास और वाराणसी के सिल्क को नई पहचान मिली है। 2017 में जब हमने ओडीओपी योजना शुरू की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यूपी दो लाख करोड़ से अधिक का निर्यात करेगा, यह अब वास्तविकता बन चुकी है।

### पराली को लेकर योगी सख्त, शून्य घटनाओं का लक्ष्य तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को 'शून्य' किया जाए। इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है, वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जारी निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# वाई पूरन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा कि यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना ख+ाासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। वैसे यह सब सरकार की नीयत व नीति की बात ज्यादा है। बसपा की मुखिया ने कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच होना चाहिए और इसके लिये दोषियों को सख्त सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि सभ्य समाज को शर्मिन्दा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं ना होने पाएं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से ले तथा इसकी भी लीपापोती करने का प्रयास ना करे, तो यह उचित होगा।

# जेएंडके: 25 पुस्तकों पर रोक के खिलाफ सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ का गठन

**श्रीनगर, वार्ता**

■ मामले पर पीठ सोमवार को सुनवाई करेगी

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर 'झूठे आख्यान और अलगाववाद' का प्रचार करने वाली 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने के सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ का गठन किया है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति राजेश ओसवाल तथा न्यायमूर्ति शहज़ाद अज़ीम शामिल हैं। यह पीठ सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। पूर्ण पीठ का गठन न्यायालय की 30 सितम्बर की पूर्व टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें उसने याचिकाकर्ताओं द्वारा पुस्तकों की 'भ्रमाक और अतार्किक' कहे जाने की वैधता की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की थी।

पत्रकार डेविड देवदास, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक तथा अन्य की ओर से अधिवक्ता शाकिर शब्बीर और स्वास्तिक सिंह द्वारा अलग-अलग दायर याचिकाओं में गृह विभाग द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 95 के तहत इन पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने का आदेश देने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करती है और इसका कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग ने कश्मीर पर 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिनमें अरुंधति रॉय और एजी नूरानी जैसी लेखिकाओं की पुस्तकें भी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि ये पुस्तकें अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

### बीएचयू में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शुक्रवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया। चीफ प्रॉक्टर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कई थानों की पुलिस और एसीपी भेलूपुर मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे चीफ प्रॉक्टर ने सूचना दी कि बिरला छात्रावास के छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों से बातचीत कर मामले को शांत किया। कुछ छात्र छात्रावास के बाहर खड़े थे। तभी वहां से गुजर रहे सुरक्षाकर्मियों ने तीखे शब्दों में उन्हें अंदर जाने को कहा।

# अखिलेश का फेसबुक अकाउंट बहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट निलंबित होने के बाद बहाल कर दिया गया है।

पार्टी नेताओं की तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद उनका सोशल मीडिया अकाउंट फिर बहाल कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर इस कदम के पीछे होने का आरोप लगाया था। हालांकि सरकार ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने यह कार्रवाई की है और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। दरअसल सूत्रों ने बताया कि उनके पेज को कथित तौर पर 'हिंसक यौन पोस्ट' पोस्ट करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को मेटा के एक अधिकारी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आने के बाद हमने पेज को बहाल कर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का फेसबुक अकाउंट, जिसे 80 लाख से ज्यादा लोग फ़ॉलो करते हैं, शुक्रवार शाम 6 बजे के आसपास निलंबित कर दिया गया। अखिलेश यादव के पेज का इस्तेमाल अक्सर अपनी राय साझा करने, सरकार की कमियों को उजागर करने और राज्य भर के समर्थकों से जुड़ने के लिए किया जाता था। अकाउंट निलंबित होने के बाद सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर लिखा था, देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा सरकार ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है, जहां हर विरोधी आवाज़ को दबाया जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताया था।



**सेंसेक्स** 82072.93
**निफ्टी** 2516.85



**सोना रु.** 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 184100
प्रति किलो



# खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर: शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 40 प्रतिशत से अधिक भरे हैं अन्न भंडार: कृषि मंत्री



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है।

चौहान ने कहा कि गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की उपज में बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई है। वह यहां शनिवार को पूसा परिसर में आयोजित एक समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के शुभारंभ और 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि और संबध क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के भी प्रारंभ होने पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है, गेहूं और चावल के भंडार 40 प्रतिशत से अधिक क्षमता तक भरे हुए हैं। सिंह ने कहा कि खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के लिए दालों की पैदावार बढ़ानी होगी। इस मकसद को ध्यान में रखकर मोदी के कर कमलों से दलहन मिशन लांच किया जा रहा है। इसके साथ ही ये देखा गया है कि कई जिले में पैदावार बहुत अच्छी है, लेकिन उसी राज्य के दूसरे जिलों में पैदावार कम है। ऐसे जिलों में पैदावार बढ़ाने के लिए एक दूसरी योजना पीएम धन-धान्य कृषि योजना भी शुरू की जा रही है। इसमें 11 विभागों की 36 योजनाओं का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का ही सोच है कि छोटे-छोटे किसान मिलकर प्रतिस्पर्धा का सामना करें। आज देश में एफपीओ के 52 लाख किसान शेयर होल्डर हैं। करीब 1100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं और उनका टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। चौहान ने हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में हुए बदलाव के कारण सस्ती हुई खेती की मशीनों का श्रेय मोदी को देते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस कदम से छोटे ट्रैक्टर पर किसानों के 23,000 रुपये, 35 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65,000 रुपये तक बचेंगे। उन्होंने फसल वर्ष 2025-2026 की रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि किसानों की मदद के लिए यूरिया और डीएपी के दामों पर लगाम लगा कर रखा गया है। यूरिया और डीएपी के बढ़े हुए दामों का बोझ, सरकार किसानों पर नहीं आने देती और खुद ही बढ़ा हुआ व्यय वहन करती है।

### इस हफ्ते सोना और चांदी के भाव छू रहे आसमान

**नई दिल्ली।** सोने के दाम आए दिन आसमान छू रहे हैं, लेकिन इस रेस में चांदी आगे निकल गई है। देश के कई शहरों में चांदी की कीमत 1 लाख 80 हजार के पार जा चुकी है। शनिवार को चांदी की कीमत 6 हजार रुपये महंगा हुई है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में चांदी की कीमत 1,84,100 रुपये के पार जा चुकी हैं। भारत की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,74,100 रुपये प्रति किलो में बिक रही है। इस समय भारत के चेन्नई में चांदी का भाव सबसे महंगा है। यहां चांदी 1,84,100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। चांदी की कीमतें रोज नए-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में चांदी की डिमांड बढ़ गई है, जिसकी वजह से सिल्वर की शॉर्टेज भी देखी जा रही है। भारत के कई शहरों में चांदी की कमी होने की वजह से ज्वेलर ग्राहकों से ऑर्डर तक नहीं ले रहे हैं। त्योहारों से पहले सोने-चांदी के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक बीते एक हफ्ते में सोने के दामों में 2,276 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया। वहीं चांदी के भावों में 15,657 रुपये प्रति किलो की बड़ी छलांग देखी गई। हफ्ते के बीच 9 अक्टूबर को सोना 1,22,629 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया था, जो इस सप्ताह का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, चांदी ने इस हफ्ते जबरदस्त तेजी दिखाई।

### गेहूं-चावल के भाव टूटे, चीनी महंगी खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये। गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में घटबढ़ रही, जबकि चीनी में तेजी का रुख देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 83 रुपये घटकर 3,774.53 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं का भाव 10 रुपये फिसलकर 2,849.28 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ी और यह 3,314.32 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में सरसों तेल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 63 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 94 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 51 रुपये और वनस्पति के दाम 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये कम हुई। उड़द दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 37 रुपये और मसूर दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी का भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपये, मसूर काली 8144.80 रुपये, मूंग दाल 10108.98 रुपये, उड़द दाल 10453.79 रुपये, अरहर दाल 10525.29 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.28 रुपये और चावल 3774.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बागपत: ....** मौलाना इब्राहिम अपनी पत्नी इसराना, बेटी सोफिया 5 वर्षीय व सुमैया 2 वर्षीय के साथ रहते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मौलाना इब्राहिम करीब दस साल से मस्जिद में इमाम हैं। करीब छह साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। वह तब से पत्नी व बच्चों के साथ यहीं मस्जिद के ऊपर बने कमरे में रहते थे। वह इमामत करते हैं। उनकी पत्नी दोपहर बाद मस्जिद में आने वाले बच्चों को पढ़ाती थी। यह हृदय विदारक घटना दोपहर से पहले होने की संभावना है। जब करीब दोपहर बाद ढाई बजे बच्चे मस्जिद में पढ़ने गए, तब उन्हें पता लगा। बच्चों को जब वहां कोई दिखाई नहीं दिया, तो इसराना के कमरे में खोजते हुए पहुंच गए। वहां का दृश्य देखा, तो वह किलकारी मारते हुए उल्टे पैर ही दौड़ गए। उनके शोर से पड़ोस के लोग आए। बच्चों से पूछने लगे तो उन्होंने घटनाक्रम बताया। मौलाना की पत्नी व बच्चों की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मेरठ रेंज डीआईजी कलानिधि, एसपी सूरज कुमार राय, एएसपी प्रवीण कुमार, सीओ विजय कुमार, एसएचओ सूर्यदीप के अलावा रमाला, बिनौली, छपरौली, दोघट थानों की पुलिस पहुंच गई। एसपी ने ग्रामीणों से पूछताछ की। शवों को कब्जे में करने के प्रयास किए। ग्रामीणों व मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए हत्यारों को पकड़ने की मांग की। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह तीन दिन में मामले का पर्दाफाश कर देंगे, तब जाकर लोगों ने शवों को उठाने दिए। मृतक महिला के पति इब्राहिम को सूचना दे दी गई थी। पुलिस पुरे मामले की जांच की जुट गई है।

**मेरी भारत...** की तफसील से जानकारी दी। अमीर खान मुत्ताकी ने मौलाना अरशद मदनी के प्रति बहुत सम्मान दिखाया। गौरतलब है कि मौलाना अरशद मदनी के मरहूम पिता मौलाना हुसैन अहमद मदनी के खास शिष्यों में रहे अफगानिस्तान के सम्मानित उलेमा मरहूम अब्दुल हक हक्कानी के वहां स्थापित किए गए मदरसे में ही अमीर खान मुत्ताकी ने तालीम हासिल की है। दारुल उलूम इलाके में जब अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे तो इस संस्था के सारे प्रबंध ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी ने व्यवस्था संभाली। सरकारी अमला बड़ी मुश्किल से विदेशी मेहमान और उनके साथियों को दारुल उलूम के मेहमान खाने में किसी तरह लेकर पहुंचे। यहां तलबाओं के मदरसे में सभी जगह बड़ी संख्या में जम-जाने के कारण विदेश मंत्री के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गए। अमीर खान के संस्था के उपकुलपति अब्दुल खालिक मद्रासी, दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी आदि ने उनसे मुलाकात कर दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जताई। मौलाना अरशद मदनी ने 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की विदाई और तालिबान के सत्तारूढ़ होने का गर्मजोशी के साथ आगे आकर समर्थन और स्वागत किया था। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में यह भी भरोसा जताया था कि तालिबान सरकार भारत के लिए अच्छी साबित होगी। यह बात सही साबित हुई है। आज भारत- अफगानिस्तान एक-दूसरे के हमदर्द हैं। भारतीय कूटनीति की यह बड़ी कामयाबी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अफगान नेता ने पहलगाम हिंसा की निंदा की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया।

# बीएचयू-आईआईटी ने 100 वर्ष पुराने पेड़ को किया पुनर्जीवित

**वाराणसी, वार्ता**

■ तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर गया था पेड़

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने अपने इंस्टिट्यूट वर्क्स डिपार्टमेंट (आईडब्ल्यूडी) और उद्यान विभाग के विशेषज्ञों के सहयोग से लगभग 100 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को सफलतापूर्वक पुन: खड़ा कर उसका जीवन रक्षित किया। यह पेड़ हाल ही में तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण गिर गया था।

संस्थान की आधिकारिक प्रवक्ता एवं संयुक्त कुलसचिव स्वाति बिस्वास ने शनिवार को बताया कि आईडब्ल्यूडी की तकनीकी विशेषज्ञता और बीएचयू के उद्यान विशेषज्ञों के सहयोग से दो जेसीबी मशीनों और एक हाइड्रा की सहायता से इस विशाल पेड़ को अत्यंत सावधानीपूर्वक खड़ा किया गया, ताकि इसकी जड़ों को किसी प्रकार की क्षति न हो। पेड़ को स्थिर रखने के लिए मिटी को मजबूत किया गया तथा आवश्यक जल और पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबधता और सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाती है। संस्थान प्रशासन ने इस समन्वित प्रयास की सराहना की और सभी संबंधित विभागों के योगदान की प्रशंसा की। संस्थान के निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्य में तकनीकी सटीकता और समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण था। कई टन वजन वाले इस पेड़ को जड़ों को क्षति पहुंचाए बिना अत्यंत सावधानी से उठाया गया। दो जेसीबी मशीनों से आधार समर्थन प्रदान किया गया, जबकि हाइड्रा के माध्यम से ऊर्ध्व दिशा में संरेखण सुनिश्चित किया गया। पुन:स्थापना के बाद मिटी को सुदृढ़ किया गया और जड़ों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय किए गए। अगले कुछ सप्ताह तक पेड़ की निरंतर निगरानी की जाएगी, ताकि यह पूरी तरह स्थिर हो सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गोली चलाने वाला तमंचे सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दयालपुर इलाके शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा घर के बाहर गोलीबारी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में २४ घंटे के अंदर गोली चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके कब्जे से एक तमंचा भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के मुताबिक, शिकायतकर्ता ६५ वर्षीय सिराजुद्दीन निवासी पुराना मुस्तफाबाद ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार सुबह लगभग ६:३० बजे दूध लेने के लिए बाहर निकले थे।

उसी समय उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति उनके घर के सामने बैठा हुआ था। सिराजुद्दीन ने जब उस व्यक्ति से वहां बैठने से मना करके आगे किसी अन्य जगह बैठने को कहा तो वह गाली-गलौज और झगड़ा करने लगा। इसके बाद मौके से चला गया। थोड़ी देर बाद आरोपी वापस लौटा और सिराजुद्दीन के घर पर गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गया स तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी गई जिसके बाद दयालपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक व क्राइम टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी व स्थानीय स्रोतों की मदद से आरोपी की पहचान ३५ वर्षीय मुस्तकीम निवासी गली संख्या १०, पुराना मुस्तफाबाद के रूप में की। आरोपी को गिरफ्तार कर उससे एक तमंचा बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## जैन मंदिर से लाखों का शिखर कलश चोरी, लोगों में रोष

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर थानांतर्गत जैन मंदिर से कलश चोरी हो गया, शिखर कलश की कीमत करीब ४० लाख बताई जा रही है स जिस मंदिर में चोरी हुई है यह ज्योति नगर थाने से महज १५०-२०० मीटर दूर है स इस वारदात से नाराज जैन समाज के लोगो ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया स जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े ११ बजे से शनिवार सुबह ४ बजे के बीच चोर मंदिर की छत पर चढ़ कर कलश उतार कर ले गए स मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर छत पर चढ़ते हुए और मंदिर के पास आते हुए दिखाई दे रहे है, मंदिर प्रबंधक ने बताया की सुबह जब माली मंदिर पहुंचा तब देखा मंदिर का कलश गायब था स जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी स शिखर कलश का वजन काफी था और उसके ऊपर सोने की परत चढ़ी हुई थी और उसकी कीमत करीब ४० लाख रूपये है। इस चोरी से लोगो में रोष देखने को मिला उनका कहना था की मंदिर थाने से कुछ दूरी पर है उसके बावजूद चोरों ने इस चोरी को अंजाम दिया स चोरी से गुस्साए लोग सड़क पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने नारेबाजी की।

# महिला समेत दो अपराधी व दो अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली जिला पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए दो घोषित अपराधियों और दो अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है, जो लंबे समय से पुलिस से फरार थी। कार्रवाई निहाल विहार और मुंडका थाने की टीमों ने अलग-अलग अभियानों में की। पुलिस अधिकारी ने बताया, ९ अक्टूबर को हेड कांस्टेबल जोगिंदर, कांस्टेबल अर्जुन और महिला कांस्टेबल रीना की टीम को सूचना मिली कि निहाल विहार थाने में दर्ज केस में घोषित अपराधी महिला एस नांगलोई इलाके में छिपी हुई है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि एस को ८ सितंबर २०२५ को तीस हजारी कोर्ट की मजिस्ट्रेट कोमल गर्ग ने घोषित अपराधी घोषित किया था। वह पहले भी आबकारी अधिनियम के दो से अधिक मामलों में शामिल रही है। पुलिस ने उसे धारा ३५(१) के तहत गिरफ्तार किया।

इसी दिन मुंडका पुलिस की टीम विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल अजय और सुरेंद्र को सूचना मिली कि फरार आरोपी राहुल पलवल (हरियाणा) में छिपा हुआ है। टीम ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। राहुल को २९ मार्च २०२३ को तीस हजारी कोर्ट ने घोषित अपराधी घोषित किया था। वह पहले भी धारा १७४ ए के तहत वांछित था। वहीं बाहरी जिले की स्पेशल स्टाफ और निहाल विहार पुलिस ने मिलकर अवैध शराब तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस ने ७०२ क्वार्टर हरियाणा मार्का शराब, एक कार, २६,०२० नकद और एक पे-टीएम बारकोड मशीन बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा, फरार अपराधी चाहे कहीं भी छिपे हों, कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते।

# कोविड महामारी में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वालों के परिजनों को दी गई एक करोड़ की सहायता राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन गंवाने वाले ११ सरकारी कर्मियों के परिजनों को एक -एक करोड़ की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता और विनम्र श्रद्धांजलि है। इन कर्मवीरों का साहस और निस्वार्थ सेवा सदा हमारे दिलों में अमर रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, करुणा और समर्पण की प्रेरणा देती रहेगी।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक सादे समारोह में मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि किसी व्यक्ति की जान का मूल्य कोई सरकार नहीं चुका सकती, लेकिन सरकार का कर्तव्य है कि ऐसे परिवारों को हर संभव सहायता मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिल्ली सरकार के लिए गर्व की बात है कि कोविड काल में अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा दिखाने वाले इन कर्मवीरों के परिवारों को अब सम्मानपूर्वक उनका हक मिला है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार ने सदैव 'पीपल फर्स्ट' के सिद्धांत को अपनी कार्यशैली का मूल आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल आर्थिक सहायता बल्कि अन्य जरूरतों व समस्याओं में भी इन परिवारों के साथ खड़ी रहेगी।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह भी उपस्थित थेमुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जिन दिवंगत कर्मियों के परिवारों को अनुग्रह राशि प्रदान की, उनमें वी. नंगथनलियान (वाणिज्य एवं कर विभाग),राजबाला गर्ग (जीटीबी अस्पताल), बबिता (सीबीपीएसीएस), रोहन जोशी (एमसीडी), डॉ. रविंदर कुमार गोयल (डीजीएचएस), अनियम्मा रेघ्जी (एमएएमसी), बिस्वजीत दास (डीटीसी),राजेश कुमार (शिक्षा विभाग), डॉ. नवीन राम (बीएसएफ), डॉ. विजय सिंह राजन (बीएसएफ) और अरुण सूद (डीएचएस) शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कर्मवीरों की निष्ठा और सेवाभाव दिल्ली के इतिहास के सबसे उज्ज्वल अध्यायों में दर्ज रहेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड पूरे विश्व के लिए सिर्फ एक स्वास्थ्य संकट नहीं था, बल्कि यह लाखों परिवारों के लिए एक व्यक्तिगत त्रासदी भी रहा। आज हम उन सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने इस महामारी में अपने प्राण गंवाए।

# प्रधानमंत्री ने ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के 722 वें उर्स मुबारक पर भेजा बधाई संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूफी संत हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के ७२२ वें उर्स मुबारक के मौके पर उनके अनुयायियों को बधाई संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में सभी से हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि ज्ञान, करुणा और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण सूफी संतों ने समाज में बंधुत्व, सौहार्द और सद्भावना को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके विचारों ने कला, काव्य, संगीत और चिंतन के माध्यम से अनेको पीड़ितों को निरंतर प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण किए जाने वाले हजरत निजामुद्दीन औलिया ने अपने जीवन को प्रेम, एकता और दया के प्रसार के लिए समर्पित किया। यह आयोजन उनके जीवन और विचारों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है ।उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक और जन-जन को आध्यात्मिकता, मानवता और सांझा मूल्यों से जोड़ती है।

उन्होंने कहा कि मैं हजरत निजामुद्दीन औलिया के ७२२ वें उर्स के मौके पर उन्हें नमन करता हूं। ज्ञात रहे की हजरत निजामुद्दीन औलिया का ७२२ वां उर्स मुबारक हजरत निजामुद्दीन स्थित उनके दरगाह प्रांगण में स्थित मजार पर मनाया जा रहा है जहां पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए आ रहे हैं।



कोविड महामारी में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सरकारी कर्मियों के परिजनों को एक -एक करोड़ की सहायता राशि देकर मुख्यमंत्री परिजनों को सांत्वाना देते हुए।

## एक नजर

### महिला को परिवार से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीमापुरी पुलिस टीम ने एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को उसके परिवार के साथ फिर से मिलाने में सफलता प्राप्त की है। ३७ दिनों की खोज के बाद, टीम ने मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम में उसके परिवार का पता लगाया और ७ अक्टूबर को इहबास अस्पताल में उसे उसके परिवार से मिलाया गया। १ सितंबर को महिला गर्भवती अवस्था में सड़क पर पुलिस को मिली थी,जिसे पहले जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उसे कोर्ट के निर्देश पर इहबास में भर्ती कराया गया था, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन दुर्भाग्य से बच्ची की मौत हो गई थी । जिसके बाद सीमापुरी थाना पुलिस ने महिला के परिवार की खोज शुरू की, पुलिस टीम ने हैड कांस्टेबल अंकुश और कांस्टेबल राज को महिला के परिवार का पता लगाने के लिए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के रानीखेड़ा गांव भेजा गया था। जिनको वहां कई बार जाना पड़ा,इस दौरान उन्होंने बैनर और होडिंग बनवाकर जगह-जगह लगवाए थे स शुरुआत में असफलता के बावजूद, टीम ने अपने प्रयास जारी रखे और अंतत बागेश्वर धाम में महिला के परिवार का पता लगाने में सफल रही।

### शिक्षा के मंच से जनमानस की आवाज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली।** मौजपुर स्थित ए.वी.एन. पब्लिक स्कूल में शनिवार को "शिक्षा के मंच से जनमानस की आवाज" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षाविद्, समाजसेवी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती वंदना के साथ हुई। मां सरस्वती के जयकारों से पूरा विद्यालय प्रांगण भक्ति और उत्साह के वातावरण से गूंज उठा।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मोहन सिंह बिष्ट जी (उपाध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा) ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सबसे बड़ा आधार है।" उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को बच्चों की सर्वांगीण उन्नति के प्रयासों के लिए सराहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अजय महावर,अनिल गौड़ जी (एमसीडी पार्षद), प्रदीप जैन (समाजसेवी) तथा मृदुल अवस्थी (शिक्षाविद्) उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय के चेयरमैन प्रदीप अरोड़ा, प्रिंसिपल रोहन अरोड़ा जी और एडमिनिस्ट्रेटर शशांक ने पुष्पगुच्छ और पटका पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रिंसिपल रोहन अरोड़ा जी ने कहा कि ए.वी. एन. पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और मूल्यों के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, भाषण और नाट्य मंचन के माध्यम से शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता के संदेश दिए।

### यमुना में अवैध खनन को लेकर एनजीटी ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** दिल्ली और गाजियाबाद के बीच यमुना में हो रहे अवैध खनन पर रोक के लिए एनजीटी ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश प्रशासन को संयुक्त रूप से कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। यमुना में अवैध रेत खनन से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेकर एनजीटी ने इस मामले में सुनवाई शुरू की थी। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने उत्तर प्रदेश खनन विभाग द्वारा दाखिल हलफनामे पर विचार किया। पीठ ने जिला खनन अधिकारी को अगली सुनवाई से एक दिन पहले एनजीटी के पूर्व निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्रवाई का हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया।इसके अलावा दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को दिल्ली-उत्तर प्रदेश संयुक्त अंतरराज्यीय टास्क फोर्स के लिए नामित अधिकारियों की सूची पेश करने का निर्देश दिया गया। पीठ ने संयुक्त टास्क फोर्स को संयुक्त निरीक्षण और बैठकें आयोजित करने का भी आदेश दिया।

# श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में छात्रों को धमकी, आइसा ने प्रिंसिपल व प्रोफेसर पर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी से संबद्ध श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में शुक्रवार को हुए विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। अखिल भारतीय छात्र संघ (आइसा) ने कॉलेज प्रशासन और एक फैकल्टी सदस्य पर छात्रों को धमकाने और डराने का आरोप लगाया है। संगठन ने मांग की है, दोषी प्रिंसिपल और प्रोफेसर के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। आइसा के अनुसार, संगठन के भगत सिंह अंबेडकर स्टडी सर्कल द्वारा कॉलेज परिसर में फिलिस्तीन पर चल रहे नरसंहार को लेकर एक चर्चा सत्र आयोजित किया जा रहा था। कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही प्रिंसिपल और प्रोफेसर ने दो छात्रों को दफ्तर में बुलाकर सार्वजनिक रूप से डांटा और अपमानित किया। इसके बाद, छात्रों से पूछताछ की गई और उन्हें कार्यक्रम रद्द करने के लिए दबाव डाला गया। आइसा का दावा है, सांख्यिकी विभाग के शिक्षक चेतन ने छात्रों को धमकी देते हुए कहा, मै तुम्हें घर में घुसकर मारूंगा और अगर क्लास में ऐसी बातें कीं तो गोली मार दूंगा। उन्होंने छात्र का फोन छीनकर जबरन अनलॉक करवाया और उसकी निजी जानकारी देखी। छात्रों का आरोप है कि प्रिंसिपल ने न तो उनकी बात सुनी और न ही सुरक्षा दी, बल्कि उन्हें निलंबन की धमकी देकर यह लिखवाया कि भविष्य में ऐसा कार्यक्रम नहीं किया जाएगा। आइसा ने इसे अकादमिक आजादी पर हमला, बताते हुए कहा, यह कार्यक्रम किसी भी यूजीसी या डीयू के नियम का उल्लंघन नहीं करता था। संगठन ने कहा, कॉलेज प्रशासन का यह रवैया लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और छात्रों को डराने की कोशिश है। आइसा ने प्रिंसिपल, प्रोफेसर चेतन और प्रशासनिक अधिकारियों से तत्काल माफी और कार्रवाई की मांग की है।

# चलती मेट्रो में अंकल करते रहे बेड टच, विरोध किया, तो बोला सॉरी बेटा

**■ पीड़ित युवती ने सोशल मीडिया पर बयां की आप बीती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो को महिलाओं के लिये अतिसुरक्षित वाहन माना जाता है। मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों पर और उनकी अन्य गतिविधियों पर मेट्रो अधिकारी सीसीटीवी कैमरों से नजर रखते हैं। इसके बावजूद मेट्रो में कई बार छेड़छाड़ की वारदातों को मनचले अंजाम दे देते हैं। बीते बुधवार रात करीब नौ बजे भी नेताजी सुभाष पैलेस से पीतमपुरा मेट्रो के बीच एक करीब ४५ साल के मनचले व्यक्ति ने युवती के साथ शारीरिक छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मनचला हर बार युवती को बोलता रहा सॉरी बेटा। युवती इतनी डर गई उसने उस वक्त किसी को कुछ नहीं बताया। उसने घर आकर आपबीति अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। जिसके बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर पीडिघ्त युवती बताती है कि वारदात के वक्त वह शालीमार बाग से रिठाला जा रही थी।

नेताजी सुभाष प्लेस स्टेशन मेट्रो स्टेशन से करीब ४५ साल के एक अंकल मेट्रो में चढ़ और उसकी सीट के बराबर में आकर बैठ गए। कुछ मिनट तक सबकुछ नॉर्मल था। मगर अचानक से अंकल का हाथ उसके हाथ से टच हो गया। उसने अंकल की तरफ देखा,पता चला कि अंकल अपने बाएं पॉकेट से फोन निकालने की कोशिश कर रहे थे तो हाथ लग गया। उस समय लगा कि अंकल से गलती से हाथ लग गया होगा। उसने ज्यादा इस बात पर ध्यान नहीं दिया। मगर.....कुछ सेकंड बाद अंकल का हाथ दोबारा से हाथ पर टच हुआ। कुछ अजीब लगने पर उसने अंकल से कुछ दूरी बना ली। फिर भी अंकल ने अपनी कोहनी मेरे कंधे के पीछे रख दी।

तीसरी बार हरकत होने पर वह काफी डर गई थी। उसकी इतनी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वो साथ में खड़े किसी को बता देती। हिम्मत करके जब अंकल से पूछा, कि मेरे ऊपर हाथ क्यों रखा हुआ है। अंकल ने बोला सॉरी बेटा। दो बार मेरे कंधे पर हाथ रखकर माफी मांग ली। कुछ मिनट बाद उन्होंने महिला की गोद पर हाथ रख दिया और बोले कि सॉरी बेटा, थोड़ा थका हुआ था। इससे पहले कि वह कुछ कह पातीं, उसने महिला का गाल छुआ और गोद दबाकर पीतमपुरा स्टेशन पर उतर गए। पीडिघ्त युवती ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि उस वक्त वह इतनी घबरा गई थी कि उसको कुछ समझ नहीं आ रहा था। क्या करूं, मैं तैयार नहीं थी कि कोई इस हद तक जा सकता है। आज भी जब सोचती हूं तो ऐसा लगता है जैसे उसका हाथ अब भी मेरी गोद पर है।

मामले में एक दिल्ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हम बच्चों को जगह जगह जाकर गुड ओर बेड टच के बारे में बताते हैं। पीडिघ्ता तो समझदार थी। उनको दूसरी बार में ही विरोध करके शोर मचाना चाहिए था या फिर अन्य लोगों को बताना चाहिए था,जिससे अंकल को उसी वक्त सबक सीखाया जाता और मेट्रो पुलिस या फिर सीआईएसएफ जवानों को सौंपना था। जवान हर मेट्रो में होते जरूर हैं। जो मेट्रो में गश्त करते रहते हैं।



दिल्ली नगर निगम ने सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग टी-20 का आयोजन किया।

# बाल विवाह के खिलाफ अभियान का आगाज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बालि. का दिवस के अवसर पर बाल विकास धारा ने घोषणा की है कि दिवाली से 26 जनवरी तक बाल विवाह के खिलाफ 100 दिन का सघन अभियान चलाया जाएगा।

संगठन ने बताया कि केंद्र सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' को एक वर्ष पूरा होने जा रहा है, और इसकी सफलताओं को और गति देने के लिए यह विशेष 100 दिवसीय पहल शुरू की जा रही है।

बाल विकास धारा ने कहा कि जिले में अब भी बाल विवाह की घटनाएं सामने आती हैं, इसलिए दीपावली से गणतंत्र दिवस तक चलने वाला यह 100 दिन का




व्यापक जन-जागरूकता अभियान पंचायतों, धार्मिक नेताओं, विवाह सेवा प्रदाताओं और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से संचालित किया जाएगा।

संस्थान के संस्थापक-अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार बराल ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की सफलता ने सिद्ध किया है कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि दक्षिण दिल्ली जल्द ही बाल विवाह मुक्त जिला बनेगा।

# निगम ने किया स्वच्छता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग टी 20 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का समापन समारोह आज नजफगढ़ में खेड़ा गाँव स्थित हरिकिशन क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। लीग के फाइनल मैच में नजफगढ़ जोन की नजफगढ़ स्टैलियन्स टीम ने पश्चिम जोन की वेस्ट वॉरियर्स टीम को हराकर स्वच्छता प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के माननीय शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, वार्ड कमेटी अध्यक्ष नजफगढ़ जोन, सविता शर्मा, वार्ड कमेटी उपाध्यक्ष देवेंद्र, स्थानीय पार्षद मीना तरुण यादव, पार्षद राम निवास गहलोत, अतिरिक्त आयुक्त वीर सिंह यादव, उपायुक्त संतोष कुमार राय, बड़ी संख्या में प्रतिभागी खिलाड़ी, स्थानीय नागरिक और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने प्रत्येक नागरिक से अपने क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में दिल्ली नगर निगम का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है और इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

महापौर ने दिल्ली नगर निगम की समस्त प्रतिभागी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जीवन में धारण करना बेहद जरूरी है और इस प्रकार के खेल आयोजन से जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने ११ साल पहले देश को कचरा मुक्त बनाने का संदेश दिया था और अब समाज के सभी वर्गों को सार्वजनिक स्थानों को कचरा मुक्त रखने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# फेस्टिव फैशन लांच किया

**नई दिल्ली।** मैक्स फैशन ने जयपुर के वैशाली नगर स्थित अपने छठे स्टोर के लॉन्च के साथ जयपुर भारत के उन कुछ चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है जहां मैक्स फैशन के छह स्टोर मौजूद हैं। यह कदम न केवल ब्रांड की विकास यात्रा में जयपुर के महत्व को दर्शाता है, बल्कि राजस्थान में ब्रांड की मजबूत पकड़ को भी रेखांकित करता है। मैक्स फैशन के सीईओ सुमित चांदना ने कहा, "जयपुर हमारे सबसे सफल मार्केट्स में से एक रहा है। अब शहर में हमारे छह स्टोर होने के साथ, यहां हमारी जड़ें पहले से कहीं अधिक गहरी हो गई हैं, जो पिंक सिटी के ग्राहकों के भरोसे और प्यार को दर्शाती हैं। राजस्थान मैक्स फैशन के लिए एक प्रमुख राज्य बना हुआ है, और यह लॉन्च हमारे उस संकल्प को मजबूत करता है कि हम स्टाइल को हर किसी के लिए सुलभ बनाना चाहते हैं।

# करवाचौथ के अवसर पर पति ने डोनेट की अपनी किडनी

**नई दिल्ली।** करवा चौथ के मांगलिक अवसर को प्यार और हिम्मत का बेहद खास त्योहार बनाते हुए, एक पति ने अपनी बीमार पत्नी को किडनी दान कर जीवन का सही मायने में उत्सव मनाया है।

50 वर्षीय पवन रावत ने अपनी 47-वर्षीय पत्नी मनीषा रावत को फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में किडनी डोनेट कर उपवास और पूजा-अर्चना के इस त्योहार को जीवनसाथी के प्रति समर्पण और जीवन की उम्मीद दिलाने वाले अवसर में बदल डाला। २०२१ में श्रीमती रावत को क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई थी।यह एक दीर्घकालिक कंडीशन होती है जिसमें हमारे गुर्दे (किडनी) शरीर में ब्लड से अपशिष्ट/कचरा पदार्थों को फिल्टर करने की क्षमता धीरे-धीरे खो देते हैं। लगातार इलाज के बावजूद, मनीषा की हालत बिगड़ती जा रही थी और इस साल अप्रैल में उनकी किडनी फेल हो गई, जिसके चलते उन्हें लगातार डायलसिस पर रखने की जरूरत पड़ी। तब मनीषा ने अगले दो महीने वैकल्पिक थेरेपी को चुना ताकि उनकी हालत में कुछ सुधार हो सके, लेकिन उनकी सेहत और बिगड़ती चली गई।

इस साल जुलाई में उन्हें बेहद गंभीर हालत में फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में भर्ती कराया गया जहां जांच के बाद पता चला कि वह गंभीर रूप से फ्लूड ओवरलोड, हार्ट फंक्शन में कमजोरी और अत्यधिक थकान से ग्रस्त थीं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# इकरा हसन के बयान के खिलाफ उतरे हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारी



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने शनिवार को एसपी एनपी सिंह को एक ज्ञापन सौंपते हुए कैराना सांसद इकरा हसन के कथित विवादित एवं देशविरोधी बयान के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि गत 9 अक्टूबर को सांसद इकरा हसन द्वारा दिए गए एक बयान में उन्होंने यह कहा कि देश में ऐसे हालात कर देंगे जैसे पड़ोसी देश में लड़ाई-मारकाट के हैं। संगठन का आरोप है कि यह बयान न केवल संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन है बल्कि इससे देश में अराजकता, साम्प्रदायिक तनाव और विद्रोह जैसी स्थिति उत्पन्न करने का प्रयास भी प्रतीत होता है। हिंदू रक्षा दल ने अपने ज्ञापन में कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन किसी व्यक्ति से ऐसे असंवैधानिक और देशविरोधी वक्तव्य की अपेक्षा नहीं की जा सकती। संगठन ने कहा कि यह वक्तव्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की श्रेणी में आता है और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है।

संगठन ने एसपी से मांग की कि सांसद इकरा हसन के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि संवैधानिक पद पर रहते हुए देशविरोधी या समाज को तोड़ने वाला बयान देने का साहस न कर सके। मांग की कि संबंधित प्रावधानों के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ की जाए।

## सांसद का आवास बना छावनी




**शाह टाइम संवाददाता**

**कैराना।** हिन्दूवादी संगठनों की ओर से मिली कथित धमकी के बाद कैराना की सपा सांसद इकरा हसन के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शनिवार को पुलिस प्रशासन ने सांसद के आवास को कड़ी सुरक्षा घेरे में लेते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। सांसद आवास तक जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस ने बेरिकेडिंग कर दी है। आने-जाने वाले लोगों की गहन तलाशी ली जा रही है और केवल आवश्यक जांच के बाद ही किसी को आगे बढ़ने दिया जा रहा है।

बीते दिनों सोशल मीडिया पर सांसद इकरा हसन के खिलाफ विवादित बयान और धमकी भरे संदेश वायरल हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश जारी किए। शनिवार सुबह से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह व कोतवाल समयपाल अत्री भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष सिंह भी कैराना पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर हालात की समीक्षा की सांसद आवास के आसपास पुलिस की कई टीमें लगातार गश्त कर रही हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। किसी को भी माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अगर किसी ने शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उधर, सांसद इकरा हसन ने पुलिस प्रशासन के कदम की सराहना करते हुए कहा कि वह धमकियों से डरने वाली नहीं हैं। जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया है और वह हमेशा उनकी आवाज उठाती रहेंगी।बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सांसद इकरा हसन के ष्डेंटिंग-पेंटिंगष वाले बयान के बाद हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया था। हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा सांसद आवास पर पहुंचने की चेतावनी के बाद कैराना पुलिस अलर्ट मोड अपनाते हुए सांसद आवास पर सुरक्षा के .ष्टिगत भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

### सघन तलाशी ली

कैराना पुलिस ने शनिवार सुबह से ही सांसद के आवास की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बेरिकेडिंग कर दी थी। पुलिसकर्मी हर आने-जाने वाले की गहन तलाशी ले रहे थे। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को आशंका थी कि हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के कुछ कार्यकर्ता वेश बदलकर सांसद आवास तक पहुंचने का प्रयास कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा रखा गया था।

# चोरी की घटनाओं पर जताया रोष



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों ने गाजियाबाद में हुए प्रांतीय चुनावी सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग को पुन: आगामी 4 साल के लिए निर्विरोध सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए गत दिनों नगर में बुढ़ाना रोड ,धीमानपुरा आदि बाजारों में हुई चोरी की घटनाओं पर रोष एवं चिंता व्यक्त करते हुए इन चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग करते हुए भविष्य में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शामली जनपद के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा की शामली जिले के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारियोंने उनमें अपना विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व देकर संगठन के प्रति उनकी आस्था एवं विश्वास का अटूट संकेत बताया, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि शामली नगर में गत सप्ताह कई बाजारों में चोरी की घटनाएं हुई है जो चिंता का विषय है इससे व्यापारियों में रोष व चिंता होना स्वाभाविक है उन्होंने कहा कि सोमवार 13 अक्टूबर को व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी पुलिस मुख्यालय जाकर माननीय पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह को ज्ञापन देकर इन चोरी की घटनाओं के खुलासे व भविष्य में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग करेंगे ताकि इस त्योहारी सीजन में व्यापारी निडर हो कर अपने व्यापार कर सके।

प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने फूड विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा की प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप इस त्योहारी सीजन में व्यापारियों को अनावश्यक छापेमारी कर परेशान ना किया जाए क्योंकि व्यापार मंडल के निर्देशाअनुसार व्यापारी किसी भी प्रकार की मिलावट जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का निर्णय ले चुका है बैठक में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, राजेश सिंगल जिला महामंत्री, नरेंद्र अग्रवाल प्रदेश मंत्री, रामकुमार राय नगर अध्यक्ष ,सूर्यवीर सिंह जिला अध्यक्ष ,रवि संगल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामकुमार राय नगर अध्यक्ष, महेश धीमान नगर महामंत्री, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, वैभव गोयल जिला संगठन महामंत्री ऋषभ जैन नगर कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डीएम, एसपी पहुंचे वृद्धाश्रम



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान एवं एसपी एनपी सिंह ने शनिवार को झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित वृद्धाश्रम का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य, भोजन, रहन-सहन और देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीएम एसपी ने वृद्धाश्रम की सफाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवासीय प्रबंध का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सहज वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी देखभाल में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने निर्देश देते हुए कहा कि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी वरिष्ठ नागरिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए और चिकित्सकीय परामर्श के अनुरूप समय से दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा करना हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। एसपी एनपी सिंह ने कहा कि पुलिस सदैव समाज के कमजोर और असहाय वर्ग के प्रति संवेदनशील है।

### सनातन ज्ञान केवल आध्यात्मिक साधना नहीं

**शाह टाइम संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, में चल रहे पांच दिवसीय सनातन सत्संग ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत आज तृतीय दिवस कथा आचार्य सुशील चन्द्र बलूनी ने विज्ञान, पर्यावरण और आधुनिक युग में सनातन दृष्टि विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने श्रोताओं को योग और ध्यान का वैज्ञानिक आधार समझाया, पंचमहाभूत एवं प्रकृति पूजन का महत्व बताया , आयुर्वेद से जीवन-संतुलन के सूत्र साझा किए और साइबर युग की चुनौतियों से निपटने के लिए सनातन मूल्यों का सहारा लेने की प्रेरणा दी। कथा आचार्य ने विशेष रूप से कर्ण और जयद्रथ की कथा सुनाई । उन्होंने बताया कि कर्ण एक महान योद्धा थे, लेकिन शापित थे, जबकि जयद्रथ को वरदान प्राप्त था, परन्तु वह श्रेष्ठ योद्धा नहीं थे। इससे यह संदेश मिलता है कि यदि हम अपने कर्म समर्पित भाव से नहीं करते, तो चाहे हमारे पास कितनी भी विशेषताएं हों, वरदान हों या कौशल हों। उनका कोई वास्तविक मूल्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सनातन ज्ञान केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि विज्ञान, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आधुनिक जीवन में भी मार्गदर्शन देता है । कथा के अंत मे स्वंत्रता संग्राम सेनानी स्वद्ग ओमप्रकाश वर्मा के सपुत्र कपिल वर्मा को सम्मानित किया गया कथा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, किसान, और कारखाने के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जितेंद्र कुमार यादव - क्षेत्राधिकारी थानाभवन, फैक्ट्री के यूनिट हेड ज्ञानेंद्र वीर सिंह, केन हेड लेखपाल सिंह, इंजीनियरिंग हेड जगजीत सिंह, प्रोडक्शन हेड समरपाल सिंह, डॉ0 मती नीरज सैनी प्राचार्य-अतर सिंह डिग्री कॉलेज एवं जिला पंचायत सदस्य, वीरेंद्र जैन प्रबंधक-जैन कन्या इण्टर कॉलेज शामली, डॉ वीरेंद्र गोयल और अन्य गणमान्य अधिकारी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

### 14 अक्टूबर को लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** जिले में रोजगार की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली एवं कर्मभूमि कॉलेज, बामनौली ऊंचा गांव के संयुक्त तत्वावधान में 14 अक्टूबर को एक वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। यह मेला कॉलेज परिसर में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से आरएसवी ज्वाइन इंडिया प्रालि, टेक्निकॉन इंडस्ट्रीज, फ्लिपकार्ट वेयरहाउस, सीएनएच इंडस्ट्रियल प्रा। लि।, पेटीएम, फोनपे, न्यू हॉलैंड कंपनी, कृष्णा मारुति लि। शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा 500 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में क्वालिटी इंजीनियर, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन इंजीनियर, पिकिंग, स्कैनिंग, डाटा एंट्री ऑपरेटर, तथा स्टूडेंट ट्रेनिंग जैसे विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

### मजदूर के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**शाह टाइम संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी एक ईंट भठे पर मजदूरी करने वाले व्यक्ति व उसके साथी पर तीन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जूठी है। थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी विशाल ने बताया कि वह अपने गांव के समीप एक ईंट भट्टे पर मजदूरी कर ईट भराई का कार्य करता है। शनिवार को पीड़ित ईंट भठे पर जा रहा था आरोप है कि तभी गांव के ही तीन लोगों ने पीड़ित को पकड़ लिया उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है जब शोर शराबा सुनकर उसके गांव का ही पप्पू छुड़ाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सफाई कर्मचारी पर लोहे का ढक्कन चोरी करने का आरोप, वीडियो वायरल

**कांधला।** कस्बा निवासी नौशाद मलिक पेप्सी सहित अन्य पेय पदार्थ का थोक विक्रेता है। उसकी दुकान कस्बे के बाईपास मार्ग पर है दुकानदार ने अपनी सुरक्षा के लिए दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। शनिवार को दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया है कि वीडियो में दिख रहा यह युवक नगर पालिका का सफाई कर्मचारी है। पालिका कर्मचारी नगर पालिका के लोहे का सीवर का डक्कन ने चोरी कर अपने वाहन में ले जा रहा है। पीड़ित दुकानदार ना आरोप लगाया कि पूर्व में भी उसकी दुकान के पास कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित दुकानदार ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए कस्बे के लोगों को जागरूक रहने की अपील की है।

# पीसीएस की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने की तैयारी





**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा PCS प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डियूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग UPPSC द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होनो वाली प्रांतीय सिविल सेवा PCS प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक ACF/ क्षेत्रीय वन अधिकारी RFO प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डियूटी में लगे पुलिस बल को पुलिस लाइन, शामली में ब्रीफिंग देते हुए परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के सभी पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग, पैदल एवं वाहन गश्त, तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों या सुरक्षा खामियों को तुरंत रोका जाए और अभ्यर्थियों तथा परीक्षकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। इसके अलावा, उन्होंने सभी थानों को आदेशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़ नियंत्रित रखने, यातायात प्रबंधन, तथा संभावित आपात स्थितियों के लिए विशेष टीम तैनात करने हेतु आवश्यक प्रबंध करें।

इस आयोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि न्च्ब्ै च्ै और ACF/RFO प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह ने अभ्यर्थियों से अपील की कि परीक्षा के दौरान सभी निर्देशों का पालन करें, सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें और किसी भी असामान्य या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी को दें। इस प्रकार, जनपद शामली में प्रशासन और पुलिस के संयुक्त प्रयास से परीक्षा की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

## फांसी लगाकर किया जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास



**शाह टाइम संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के इदरीश बैंग बिहार कॉलोनी में एक युवक ने गृह क्लेश के चलते अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। पत्नी के द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से दरवाजा तोड़कर युवक को फांसी के फंदे से उतरा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी आमिर खान पुत्र रोजूदीन का उसके घर पर परिवार के लोगों के साथ विवाद हो गया। घरेलू विवाद होने के कारण युवक तनाव में आ गया और अपने घर में पंखे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया।

युवक के द्वारा की गई हरकत पर उसकी पत्नी ने शोर मचा दिया। मौके पर आसपास के लोग भी आ गए और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा और फांसी के फंदे पर झूल रहे युवक को नीचे उतरा और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की मुस्तैदी एवं आसपास के लोगों की मदद से युवक की जान बच गई युवक के द्वारा किया गया मामला चर्चा का विषय बना रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए युवक एवं उसके परिजन के बयान दर्ज किए और बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई।

## आम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन को निर्देश

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** जिला विकास अधिकारी प्रेम चंद ने बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजना के सफल संचालन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश के 6 अक्टूबर 2025 के अनुसार निर्धारित समय सारणी के मुताबिक कार्यवाही की जाएगी।

बताया कि लाभार्थियों का चयन एवं आवेदन पत्र प्राप्त कर बैंकों में प्रेषित करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। बैंकों द्वारा आवेदन पत्रों की स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 नवम्बर तय की गई है। जबकि ऋण वितरणध्परिसम्पत्ति सृजन की तिथि 31 दिसम्बर रखी गई है। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी आवेदनकर्ताओं के आवेदन पत्र शीघ्र प्राप्त कर पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अपनी मांगों को लेकर निकाला पैदल मार्च






**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को दर्जनों हिन्दू संगठन के लोगों ने भारतीय वाल्मीकि धर्मसमाज के बैनर तले धर्म स्वातंर्त्य कानून की मांग को लेकर शहर के टंकी रोड से शिव चौक तक पैदल मार्च निकाला गया, जहां उन्होने सांकेतिक जाम लगाते हुए हिन्दूओं का धर्म परिर्वतन कराने वालों का चेताया है।

शनिवार को दर्जनों हिन्दू संगठन के लोगों ने भारतीय वाल्मीकि धर्मसमाज के बैनर तले व यशवीर सिंह महाराज के नेतृत्व में धर्म स्वातंर्त्य कानून की मांग को लेकर शहर के टंकी रोड से शिव चौक तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च टंकी रोड, धीमानपुरा फाटक, भिक्की मोड से होता हुआ शहर के शिव चौक पर जाकर संपन्न हुई। पैदल मार्च में हिन्दू संगठन के लोगों ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होने शिव चौक की परिक्रमा करते हुए सांकेतिक जाम लगाया। जिससे सडके दोनों ओर वाहनों की लाईने लग गई थी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वामी यशवीर सिंह महाराज ने कहा कि भारत की महानता उसकी विविधता में है। यहां सहस्रों वर्षों से अलग-अलग पंथ, परंपराएं और संप्रदाय पनपते रहे हैं। इस विविधता को सुरक्षित रखने का आधार है धर्म-स्वातंर्त्य। हर व्यक्ति को अपनी आस्था में जीने का अधिकार है।

अपनी पूजा-पद्धति अपनाने की स्वतंत्रता है। परंतु आज इस स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा संकट उसी स्वरूप से खड़ा हो रहा है, जिसे धर्मातरण कहा जाता है। छल, बल और प्रलोभन से होने वाला धर्मातरण किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन है और समाज की सांस्कृतिक अस्मिता पर आघात है। इसी कारण भारत के अनेक राज्यों ने धर्म-स्वातंर्त्य कानून बनाए है। संविधान का अनुच्छेद 25 स्पष्ट कहता है कि प्रत्एक व्यक्ति को स्वतंत्रता है कि वह अपने धर्म का प्रचार-प्रसार कर सके। लेकिन उसी अनुच्छेद में यह भी कहा गया है कि यह स्वतंत्रता जन-व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन है। उन्होने कहा कि देश में हिन्दू बेटियों को गुमराह कर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है।

हिन्दूओं का धर्म परिवर्तन कराने वाले को फांसी होनी चाहिए। कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब खल, बल और लालय से धर्मातरण हुआ है, तब-तब समाज में विभाजन और संघर्ष पैदा हुए हैं। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा। मौके पर योगी गौतम नाथ महाराज, योगी अभयनाथ, विशाल निर्वाल, अर्जुन गौमत, कुलदीप गौड, संजीव निर्वाल, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र में पशुओं की लगातार मौत पर किसानों ने दिया धरना




**शाह टाइम संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही पशुओं की अज्ञात बीमारी के चलते मौत को लेकर किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में पशुपालकों ने पशु चिकित्सालय परिसर में दुसरे दिन भी धरना दिया। शुक्रवार देर शाम से प्रारंभ हुए धरने के बाद अगले दिन शनिवार को पशुपालकों द्वारा कार्रवाई न होते देख चक्का जाम करने की चेतावनी देने के बाद जागे पशु चिकित्सा विभाग ने आनन फनन में पशुपालको से वार्ता कर मामले को निपटाया। उधर पशु पालकों ने 13 अक्टूबर तक समस्या का समाधान न होने पर महापंचायत की घोषणा की।

थानाभवन क्षेत्र में गत कुछ दिनों के भीतर कई पालतू व दूधरु पशुओं की अज्ञात बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। कुछ लोग इसे गलघोटू कह रहे हैं तो कुछ लोग इसे मुंह पका आदि बीमारियों का नाम दे रहे हैं।

उधर पशुपालको का आरोप है मामले को लेकर पशु चिकित्सा विभाग को कई बार सूचना दी गई परंतु विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। शुक्रवार देर शाम इसी क्रम के चलते जय भगवान की गाय की मृत्यु हो गई जबकि उसकी कटिया बीमारी के चलते तड़प रही थी। जिससे आक्रोशित पशुपालक किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व मे मृत गाय के शव को लेकर शुक्रवार देर रात अस्पताल परिसर में पहुचे तथा धरने पर बैठ गए। पशु चिकित्सा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे पशुपालकों ने बताया कि थाना भवन नगर में ही कई पशुओं की मौत हो चुकी है जिनमें अमित पुत्र फूल सिंह की कटिया, जय भगवान की गाय, चरण सिंह पुत्र रघुवीर सिंह की गाय, सुरेंद्र कुमार की कटिया आदि पशुओं की मौत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मौजूद रहते हुए भी क्षेत्र में पशुओं की मौत की घटनाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि कई दिनों से लगातार मवेशियों की मौत हो रही है, लेकिन न तो कोई जांच की जा रही है और न ही कोई उपचार संबंधी कार्रवाई हो रही है। इससे पशुपालकों में भारी रोष व्याप्त है। पशुपालकों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में अवैध रूप से दवाइयों की बिक्री की जा रही है, जिससे गरीब पशुपालकों को दवाइयां बाहर से लाकर पशु को देने के कारण उनका शोषण हो रहा है। शुक्रवार के बाद अगले दिन शनिवार को भी धरना जारी रहा जिस पर कार्रवाई न होते देखा बौखलाए प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे सड़क पर उतरकर चक्का जाम करेंगे। चक्का जाम की सूचना मिलते ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी चंद्रभानु कश्यप स्थानीय चिकित्सा प्रभारी मुनेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंचे तथा पशुपालकों को समझने का प्रयास किया इसके बाद हुई वार्ता में चिकित्सकों द्वारा पशुओं का पोस्टमार्टम करा कर जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया उन्होंने बताया कि 13 तारीख तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तुरंत बीमार पशुओं को उपचार दिलाया जाएगा। इसके बाद धरना तो समाप्त हो गया परंतु पशुपालकों ने चेतावनी दी कि अगर 13 तारीख तक समाधान नहीं होता तो वे महापंचायत करेंगे। धरने में किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष लाखन राणा, महिपाल सिंह, सुरेश पाल पुंडीर, शहजाद पुंडीर, नरेश तोमर, पाल सहित दर्जनों पशुपालक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अस्पतालों को बेहतर बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकताः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राजधानी के सरकारी अस्पतालों को मरीजों के लिए बेहतर बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। दिल्ली सरकार हर अस्पताल में दवाएं, उपकरण और सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि अस्पतालों में दवाई की ९० प्रतिशत दवाएं उपलब्ध हैँ और विभिन्न असपतालों में वेंटिलेटर बेड के लिए वेंटिलेटर की भी कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि उनके अस्पतालों में जो भी कमी हो, वे उसे तुरंत संज्ञान में लाएं। हम उस पर कार्यवाही करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास दिल्ली की चिकित्सा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह के साथ दिल्ली सचिवालय में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य अस्पतालों में दवाओं, उपकरणों, स्टाफ और ढांचागत समस्याओं से संबंधित मुद्दों की विस्तृत समीक्षा करना और इसको लेकर आने वाली अड़चनों को दूर करना था। बैठक में विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी बुलाया गया था ताकि अस्पतालों में निर्माण, रिपेयर आदि मसलों का भी तय समय में समाधान हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी अस्पतालों को बेहतर बनाए रखने के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है।



आप सभी अधीक्षक अपने अस्पतालों की जरूरतें हमें बताएं, उसका प्रभावी समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल स्टाफ को मरीजो के प्रति व्यवहार को संवेदनशील बनाना होगा, यह जरूरी है। इस व्यवहार से मरीजों का अस्पताल व डॉक्टरों के प्रति विश्वास बढ़ता है। मुख्यमंत्री का कहना था कि अस्पतालों में "ड्रग्स, इक्विपमेंट, स्टाफ और इंफ्रास्ट्रक्चर" इन चारों क्षेत्रों में से किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यूडी के बीच बेहतर तालमेल से निर्माण व रिपेयर से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों में मरम्मत, निर्माण या नवीनीकरण से जुड़े कार्य चल रहे हैं, वहां गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जाएं। बैठक में सभी चिकित्सा अधीक्षकों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने अस्पतालों में आवश्यक मरम्मत, उपकरणों की सेवा, दवाओं की आपूर्ति और स्टाफ से संबंधित सभी समस्याओं की समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आगामी समीक्षा बैठक में उनके परिणामों का मूल्यांकन किया जा सके।

# खुद को मुर्दा बताकर कानून को दिया धोखा , क्राइम ब्रांच ने दबोचा आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए खुद को मृत घोषित करवा दिया था। आरा. `पी ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर अदालत और पुलिस दोनों को गुमराह किया, ताकि उसके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट पर कार्रवाई न हो सके। क्राइम ब्रांच की यूनिट ने इस आरोपी की पहचान वीरेंद्र विमल के रूप में की है, जो दिल्ली का रहने वाला है। टीम ने उसे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वीरेंद्र के खिलाफ चोरी, अवैध हथियार रखने जैसे कई मामले दिल्ली के बवाना थाने में दर्ज हैं।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने २४ अगस्त २०२१ को अपनी फर्जी मृत्यु दर्शाते हुए एमसीडी से नकली डेथ सर्टिफिकेट बनवाया था। इस प्रमाणपत्र के आधार पर अदालत में चल रहे मुकदमों की सुनवाई बंद हो गई थी। आरोपी तब से फरार चल रहा था और खुद को मृत दिखाकर बेखौफ जिंदगी जी रहा था। हालांकि, क्राइम ब्रांच की टीम ने हार नहीं मानी। डिजिटल रिकॉर्ड, स्थानीय स्रोतों और तकनीकी निगरानी के जरिए पता चला कि आरोपी जिंदा है और गोरखपुर में छिपा हुआ है। टीम ने लोकेशन ट्रेस कर वहां छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पहचान क्राइम कुंडली ऐप और फेशियल रिकग्निशन सिस्टम से सत्यापित की, जिससे यह पुख्ता हुआ कि वही व्यक्ति अदालत में फर्जी दस्तावेज जमा करने वाला है। डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया, आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा ३५ (१) के तहत कार्रवाई की गई है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.20[illegible] |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से [illegible] |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| [illegible] | [illegible] (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| [illegible] | [illegible] | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

40/8 Add

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सड़क किनारे मिला व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने जब व्यक्ति के शव को देखा तो उनके होश उड़ गए। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह कुछ लोगों ने पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रिलायंस रोड पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव देखा। व्यक्ति का शव मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही एएसपी विनीत भटनागर, सीओ अनीता चौहान, थाना प्रभारी निरिक्षक पटनीश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का निरिक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे पीआरवी द्वारा पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रिलायंस रोड पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान 45 वर्षीय नीटू उर्फ़ पवन चौहान के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से गांव पूठी थाना सरधना जनपद मेरठ का रहने वाला है जो कुछ वर्षो से गांव गालंद में निवास कर रहा था। जो पास में ही स्थित एक वेयरहाउस में काम करता था। मृतका के चेहरे पर कुछ चोट के निशान भी पाए गए है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नीटू शराब पीने का आदि था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही नीटू की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर गहनता से जाँच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा। नीटू की मौत की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# आईजीआरएस शाखा के पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित



**हापुड़।** आईजीआरएस निस्तारण में हापुड़ पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। जिसके लिए एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने आईजीआरएस शाखा के पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। साथ ही उनके द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने व उनके मेहनत की प्रशंसा भी की है। आईजीआरएस यानी इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम के निस्तारण में माह सितम्बर में हापुड़ पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान मिलने पर शनिवार को एसपी ने पुलिस कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर आईजीआरएस शाखा प्रभारी निरीक्षक श्यौपाल सिंह, मुख्य आरक्षी नितिन कुमार व मुख्य आरक्षी नवीन त्यागी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि यह उपलब्धि सभी की टीम भावना और जनता की समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाने की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हापुड़ पुलिस का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ -साथ जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना भी हमारी प्राथमिकता है।

# पीसीएस परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र डीएम और एसपी ने थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ज़िल के 10 केंद्रों पर 12 अक्टूबर को पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित होगी। जिसमे 4500 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने नगर क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम अभिषेक पांडेय ने डीएम अभिषेक पांडेय ने सभी जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को आयोग की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पीसीएस परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पीसीएस परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।



# एसपी ने थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी ने शनिवार को सिम्भावली थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने थाना कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्टर व बीट बुक आदि का अवलोकन कर कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दीगृह, अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई आदि को चेक किया। थाना परिसर में खड़े लावारिस व मुक़दमाती वाहनों के निस्तारण और अभिलेखों की जांच की और संबंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। एसपी ने जोर देकर कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक पीड़ित को समय पर न्याय मिलना चाहिए और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान होना चाहिए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जा सके। एसपी ने बंदीगृह की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और कंप्यूटर कक्ष में ऑनलाइन अभिलेखों के उचित रखरखाव पर बल दिया। उन्होंने थाना पुलिस को सक्रिय रहकर अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को बेहतर कार्यप्रणाली और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की हिदायत दी। इस दौरान सीओ स्तुति सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।



# थाना समाधान दिवस में एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन एएसपी विनीत भटनागर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जहां आए हुए फरियादियों की एएसपी ने समस्याओं को सुना और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए एएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिक. ारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए। धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। एएसपी विनीत भटनागर ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गम्भीरता से सुनें और उनका समय से निस्तारण करें। इस अवसर पर सीओ वरुण मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट समेत पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



# खाद विभाग टीम ने नष्ट किए 160 किलो छेना रसगुल्लें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र खाद्य विभाग द्वारा जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दुकानों समेत फैक्ट्री आदि पर छापेमार कार्रवाई करते हुए मिठाई अचार और सरसों के तेल आदि के नमूने लेकर जांच को भेजे जा रहे हैं और खराब पदार्थो को नष्ट कराया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने 160 किलो दूषित रंगीन छेना रसगुल्लो को नष्ट कराया। दूसरी और दो नमूने लेकर जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजें। सहायक आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार ने बताया कि निरीक्षक सहरिस सादात ने गांव सुल्तानपुर के अफलातून से मिठाई की दुकान से एक नमूना लिया जबकि निरीक्षक आरती गुप्ता ने कपूरपुर के सपनावत स्थित अमरपाल ठेकेदार की दुकान पर बन रहै रंगीन छेना रसगुल्लें का एक नमूना लिया। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग की टीम द्वारा सपनावत में करीब 160 किलो छेना रसगुल्लो का नष्टीकरण कराया। जो मानकों के विपरीत बने हुए थे और लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग की टीम द्वारा यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।



## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि महिला द्वारा आरोपी के खिलाफ महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। जिले में पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत शनिवार को पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी अरुण पुत्र महेन्द्र सिह निवासी ग्राम नयाबांस बख्तावरपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को मुखबिर की सूचना के आधार पर मीरा की रेती से गांव गड़ावली जाने वाले रास्ते के पास के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरा. ेपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एक लाख रुपये के अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने अवैध पटाखे बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपये की कीमत के दो कट्टे अवैध पटाखे बरामद किए है।

थाना अध्यक्ष पटनीश कुमार ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अवैध पटाखे, विस्फोटक पदार्थ बेचने व भण्डारण करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अवैध पटाखे बेचने वाले एक युवक को संतोगढी चौराहे पर रमपुरा रोड की तरफ से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से करीब एक लाख रुपये की कीमत के दो कट्टे अवैध पटाखे बरामद हुए हैं। युवक की पहचान भारत भूषण पुत्र हरिकृष्ण निवासी मौहल्ला रमपुरा होली चौक कस्बा व थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### सड़क हादसे में गौवंश गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अनवरपुर इलाके में शुक्रवार देर शाम एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि एक अज्ञात वाहन ने गौवंश को टक्कर मार दी, जिसके बाद कुछ समय के लिए स्थानीय सड़क पर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्रेन और वाहन की सहायता से घायल गौवंश को सावधानीपूर्वक उठवाया और इलाज के लिए स्थानीय निशुल्क गौशाला में पहुंचाया। गौशाला में पशु चिकित्सक द्वारा घायल गौवंश का उपचार किया जा रहा है। इस दौरान दीपक तोमर, गौ रक्षक पवन तोमर, पिंटू सैनी, सन्नी, अंशुल, शिवम शर्मा, राहुल सोनी, वंश सैनी और दीपांशु गोयल सहित कई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाईकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी निशानदेही पर चोरी की तीन मोटर साइकिल व अवैध हथियार बरामद किया है। हाफिजपुर थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को ग्राम मुरशदपुर की सीमा में बने भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर चोरी की तीन मोटर साइकिल व एक अवैध तमंचा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जिसपर 32 मामले दर्ज है। बदमाश की पहचान आशू उर्फ मोन्टी चढ्ढा पुत्र भरत सिंह के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद कर लिया है और बदमाश को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# दुकान में निकला रेड स्नेक, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में रेड स्नेक निकलने से हड़कंप मच गया। दुक. ानदार ने सांप निकालने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रेड स्नेक सांप का सफल रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार देहात क्षेत्र के नवीन मंडी में शनिवार को एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में रेड स्नेक निकलने से हड़कंप मच गया। जब दुक. ानदार ने अपनी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में एक सांप रेंगते हुए देखा तो उसके होश उड़ गए। सांप को देखकर दुकानदार तुरंत अपनी दुकान से बाहर निकल आया। इस दौरान सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी इकट्टा हो गई। दुकानदार ने सांप निकालने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुँची और कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग के कर्मियों ने रेड स्नेक को सुरक्षित पकड़ लिया। जिसके बाद दुकानदार ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम ने रेड स्नेक का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के ज़िला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट ने किया। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि लोहिया जी के विचारों से प्रभावित होकर जयप्रकाश नारायण जी ने देश की आजादी दिलाने के लिए अपना महत्वपूर्ण यज्ञ दिया तथा देश की आजादी के बाद देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंद्रागांधी के खिलाफ उनके तानाशाही रवैये की देखते हुए प्रबल विरोध किया तथा पटना बिहार के विशाल मैदान में विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए युवाओं में जोश भरकर संपूर्ण क्रांति का आगाज किया। इसलिए उनको लो. कनायक के रूप में ख्याति प्राप्त हुई तथा संपूर्ण क्रांति के जनक कहलाए उनकी मृत्यु के बाद समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए नेताजी मुलायम सिंह ने बागडोर संभालने का कार्य किया। इस अवसर पर इकबाल, अय्यूब, राज. ेश, अख्तर, अफसाना, रेशमा यादव, लवी तोमर, अरशद, हम्माद मतीन, कमाल मंसूरी, वसीम, मेंहदी हसन, तनवीर, रेशमा, रिंकू जाटव, जहीर पहलवान, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# स्वदेशी मेले का राज्यमंत्री ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित अटल गौरव पार्क में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्वदेशी मेला यूपी ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत जनपद स्तर पर आयोजित स्वदेशी मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद प्रदेश के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा दीप प्रचलित कर मेले की शुरुआत की गई। स्वदेशी मेले में वोकल फार लोकल उत्पादों की बिक्री हेतु प्रदर्शनी लगाई गई है। यह मेला 18 अक्टूबर तक लगेगा। दीपावली को देखते हुए प्रदर्शनी में फैंसी दीपक, सजावटी सामान, बंधनवार और भी बहुत कुछ उपलब्ध है। इस दौरान राज्य मंत्री ने पात्रों को सिलाई मशीन के वितरण के साथ ही लाभार्थियों को चेक वितरित किए। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से जनता को बड़ी राहत मिली है। दिवाली पर उत्सव का माहौल है। उन्होंने कहा कि आजम खान किस पार्टी में जाएंगे यह उन्हें तय करना है। उनके बाहर आ जाने या सपा-बसपा में आने जाने से जनता पर कोई फर्क नहीं पड़ता। आज़म खान के जेल में उत्पीड़न के सवाल पर राज्य मंत्री ने कहा कि जेल में पूजा थोड़ी होती है। जेल होटल नहीं। यहां नियम कानून का पालन होता है। इस मौके पर डीएम अभिषेक पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, भाजपा नेत्री अलका निम समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सदर विधायक विजयपाल आढ़ती को स्मरण दिवस का दिया आमन्त्रण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी भारत के तत्वावधान में आयोजित ब्राह्मण शिरा. ेमणि स्व. पंडित मांगेराम शर्मा के स्मरण दिवस का आमन्त्रण पत्र यूपी उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक पंडित गोपाल शर्मा जिला मीडिया प्रभारी पंडित सुनील शर्मा द्वारा हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती को सह सम्मान दिया।

विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमे महापुरुष ब्राह्मण शिरोमणि स्व. पंडित मांगे राम शर्मा के स्मरण दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। पूर्व विधायक, चेयरमैन नगर पालिका मोदी नगर पंडित सुदेश शर्मा को भी स्मरण दिवस कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र दिया गया। विश्व ब्राह्मण संघ यूपी भारत के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा के दिशानिर्देशों के अनुसार यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा और उनकी समस्त टीम स्मरण दिवस कार्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से सफल बनाने में जुटे हुए हैं। जिसके मद्देनज़र सदर विधायक विजयपाल आढ़ती को स्मरण दिवस का आमन्त्रण पत्र दिया गया।



# सांसद ने दिखाई रन फॉर एंपावरमेंट को हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत शनिवार को रन फॉर एंपावरमेंट नोएडा स्टेडियम से आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ गौतमबुद्ध नगर के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर महेश शर्मा ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस अधिकारियों, एनजीओ के सदस्यों, विद्यालयों की छात्राओं द्वारा प्रतिभा किया गया। रन फॉर एंपावरमेंट एक जागरूकता के लिए आयोजित किया गया। यह नोएडा स्टेडियम के आसपास के विभिन्न मार्गों से गुजरकर स्टेडियम पर समाप्त हुई।





कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ महेश शर्मा प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में नारी शक्ति की गरिमा एवं आत्म स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए जनहित में कई कार्य किए जा रहें है।

वहीं अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि रन फॉर एम्पावरमेंट में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उमंग व उत्साह के साथ भाग लिया। नारी सुरक्षा संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा लगातार संचालित किया जा रहा हैं। जिसमें जागरूकता के कार्यक्रम, राज्य सरकार द्वारा जो विभिन्न योजनाएं महिला कल्याण, महिला सुरक्षा, महिला जागरूकता को लेकर चलाई गई है, उसका लाभ दिलाने के लिए महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा अवेयरनेस के ड्राइव चलाई जा रही है। मौके पर जाकर जो समस्याएं महिलाओं से संबंधित है, उनका तत्काल निस्तारण किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रन फॉर एंपावरमेंट में शामिल हुई प्रतिभागियों ने नारी सशक्तीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस दौड़ ने न केवल जागरूकता फैलाई, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

# नोएडा डिपो से एक बार फिर अनुबंध पर निजी बसें चलाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आठ साल बाद नोएडा डिपो से एक बार फिर अनुबंध पर निजी बसें चलाने की तैयारी है। परिवहन निगम सोमवार को दस रूट पर साधारण बस चलाने के लिए टेंडर जारी करेगा। यह बसें जिले के ग्रामीण रूट पर उतारी जाएंगी। इसके लिए प्रावधान में संशोधन किया गया है। वर्ष 2017 में नोएडा डिपो से अनुबंध पर निजी ऑपरेटर की दो वातानुकूलित बसें चलती थीं। दोनों बसें जनरथ थी। इसमें एक बस नोएडा से प्रयागराज और दूसरी लखनऊ के लिए चलती थी।

कुछ समय बाद निजी ऑपरेटर ने घाटे का हवाला देते हुए बसों की सुविधा को जारी रखने में अक्षमता जाहिर की। इसके बाद उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से करार खत्म हो गया। अधिकारियों का कहना था कि दूसरे प्रदेश के परिवहन निगम के साथ करार कर ऑपरेटर बस की सुविधा शुरू करना चाहता है, इस कारण उसने कदम पीछे खींचे हैं। इसके बाद अनु. बंधित बसें डिपो से नहीं शुरू हो सकीं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि पहले मिनी बसों को ग्रामीण रूट पर चलाया जाना था, लेकिन योजना में बदलाव कर दिया गया है। मुख्यालय से नौ अक्तूबर को डीजल-सीएनजी बस अनुबंध योजना का कार्यालय आदेश मिला है। इसके तहत बस ऑपरेटर्स से अनुबंध के लिए टेंडर प्रक्रिया के जरिए आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि बस अनुबंध प्रावधानों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख संशोधन यह है कि बसों में निजी ऑपरेटर का ही परिचालक होगा। पहले के प्रावधान में चालक निजी बस ऑपरेटर का होता था ,लेकिन परिच. ालक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का रखना अनिवार्य था। उन्होंने कहा कि संभव है कि निजी बस ऑपरेटर अनुबंध योजना में अब दिलचस्पी दिखाएंगे।

ऑपरेटर्स ने अनुबंध में नहीं दिखाई थी दिलचस्पी बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से कई बार अनुबंध की योजनाएं लाई गई, लेकिन निजी बस ऑपरेटर्स ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसकी वजह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से लागू प्रावधानों को लेकर निजी बस ऑपरेटर्स का सहमत नहीं होना था। यहीं कारण है कि प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इन शहरों के लिए सेवा उपलब्ध नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से कई शहरों के लिए बसे चलती हैं। इसमें आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, बंदायू, हरिद्वार, कोटद्वार, मेरठ, शिको. हाबाद, अलीगढ़, बिजनौर, नजीबाबाद, लखनऊ, बरेली समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं।

# ग्रेनो में दीवाली से पहले दूर सीवर की समस्या हो जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा व डेल्टा सहित 10 से अधिक सेक्टरों में दीवाली से पहले सीवर ओवरफ्लो की समस्या दूर हो जाएगी। सेक्टर पी-3 गोलचक्कर के पास तीन सौ मीटर में टूटी मुख्य सीवर लाइन के समानांतर नई लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। इस लाइन को अब मुख्य सीवर लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है,जो अगले कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। दरअसल सेक्टर पी -3 गोलचक्कर (उदमन होटल) के पास सीवर की मुख्य पाइप लाइन एक साल पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते शहर के मुख्य आवासीय सेक्टरों में सीवर की व्यवस्था बिगड़ चुकी है।

घरों के सामने और बाजारों में जगह-जगह पर सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकरण द्वारा मशीन व टैंकर से सफाई कराई जा रही है,लेकिन ज्यादा राहत नहीं मिल रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने टूटी लाइन के समानांतर नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया है।

इससे बड़ी राहत मिल जाएगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सीवर विभाग विनोद शर्मा ने बताया कि नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद उसे मुख्य लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। दीवाली से पहले व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी। सेक्टरों में जहां भी सीवर ओव. रफ्लो की समस्या है,उसे दूर किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा बराबर इसकी निगरानी की जा रही है। इन सेक्टरों को फायदा होगा प्राधिकरण के मुताबिक सेक्टर पी-3 गोलचक्कर के समीप क्षतिग्रस्त मुख्य सीवर लाइन के समानांतर नई लाइन बिछाने से शहर के अल्फा,बीटा, गामा, डेल्टा, स्वर्णनगरी आदि सेक्टरों के अलावा आसपास के गांवों को भी फायदा होगा। घरों से निकलने वाला गंदा पानी बिना किसी अवरोध के कासना स्थित एसटीपी तक पहुंच जाएगा। चार एसटीपी चालू स्थिति में ग्रेटर नोएडा में अभी चार एसटीपी चालू स्थिति में हैं। इनमें कासना में 137 एमएलडी, इकोटेक-3 में 20 एमएलडी, इकोटेक-2 में 15 एमएलडी और बादलपुर में 2 एमएलडी क्षमता के एसटीपी शामिल हैं। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-1 में 45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का निर्माण चल रहा है। वहीं सेक्टर आईटी सिटी में 12 एमएलडी क्षमता एसटीपी के निर्माण की तैयारी चल रही है। दीवाली से पहले सीवर ओवरफ्लो की समस्या दूर हो जाएगी। सेक्टर पी-3 के पास नई सीवर लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद अब मुख्य लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। इससे ग्रेटर नोएडा ईस्ट जोन की सीवरेज व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ व सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही घरों व फैक्टरियों से निकलने वाले गंदे पानी को शोधित कर उसे पुन: प्रयोग में लाने का काम चल रहा है। शोधित सीवर के पानी को हरित क्षेत्र की सिंचाई व अन्य कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है।

# यमुना प्राधिकरण के ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण देख सीईओ ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से यमुना सिटी को जोड़ने वाली 60 मीटर सड़क का निर्माण कार्य एक माह में पूरा हो जाएगा। शनिवार को 60 मीटर चौड़ी सड़क के काम का निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ राकेश कुमार सिंह को तीन जगह पर सड़क अधूरी मिली। सीईओ को बताया गया कि यहां किसानों के साथ विवाद की वजह से जमीन नहीं मिल पाई थी। अब जमीन खरीदने के लिए सहमति बन गई है। सीईओ ने यहां जल्दी काम शुरू कराने के लिए आदेश दिया है।



दोपहर में निरीक्षण करने पहुंचे सीईओ राकेश कुमार सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे के पास से गुजरने वाली 60 मीटर सड़क का काम देखा। ग्रेनो प्राधिकरण के क्षेत्र के बाद इस सड़क को आगे यमुना सिटी तक बनाने का काम यीडा कर रहा है। तीन जगह पर काम बंद होने पर जीएम प्रोजेक्ट राजेंद्र भाटी से पूरे मामले में जानकारी ली। जीएम प्रोजेक्ट ने बताया कि सलारपुर अंडरपास से पहले दनकौर के कुछ किसानों से सहमति नहीं मिली थी। अब ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ वार्ता के बाद सहमति के शपथ पत्र मिल गए हैं। यहां टेंडर कर सड़क का काम शुरू कराया जाना है।

**सीईओ को होते मिले अवैध निर्माण:** निरीक्षण के समय सीईओ को सेक्टर 22डी में शामिल चपारगढ़ गांव में 30 मीटर रोड व ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण मिला। वहीं नजदीक में अवैध निर्माण भी चालू थे। इस पर सीईओ ने नाराजगी जताई। इन निर्माण को तुरंत बंद कराते हुए कार्रवाई के लिए सीईओ ने कहा है। सेक्टर 22डी की 30 मीटर रोड से अतिक्रमण हटा सड़क पूरी बनवाने के लिए कहा भी कहा गया है।

सेक्टर-20 और 21 में भी सड़क अधूरी सीईओ को मिली। जीएम प्रोजेक्ट का कहना है कि किसानों से जमीन नहीं मिलने की वजह से इसमें देरी हुई है। यहां अटके हुए हिस्सों में अब काम शुरू करा दिए गए हैं। मिट्टी बिछाने काम पूरा हो गया है। जल्दी ही सड़क बनाने का काम पूरा करा दिया जाएगा। सीईओ ने इसे एक महीने में खत्म कराने के लिए अधिकारियों को कहा। सीईओ का कहना है कि इन हिस्सों में सड़क बनने के बाद ग्रेटर नोएडा से यमुना सिटी इस 60 मीटर रोड से जुड़ जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि ग्रेटर नोएडा से आने पर सेक्टर-29 तक आवाजाही सीधे हो जाएगी।

**एयरपोर्ट तक लिंक होगी सड़क:** सेक्टर-21 के बाद एयरपोर्ट लिंक रोड से भी इस 60 मीटर रोड को जोड़ा जाना है। इसके लिए करीब तीन किमी लंबाई में भी किसानों से जमीन यीडा को लेनी है। सीईओ ने बताया कि सेक्टर-21 के बाद एयरपोर्ट लिंक रोड तक तीन किमी के पैच में सड़क बनाने के लिए सहमति किसानों से प्राधिकरण के भूलेख विभाग को मिल गई है। जीएम प्रोजेक्ट को इस सड़क का टेंडर कराने का आदेश किया गया है जिससे काम तेजी से पूरा हो सके। जेवर में सबोटा तक इस 60 मीटर रोड को जोड़ने के लिए इस किमी में शामिल खसरा की जमीनों की खरीद प्राथमिकता पर प्राधिकरण करेगा। मार्च तक इस सड़क का काम पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया है। दयानतपुर के पास इस 60 मीटर रोड को नवनिर्मित एयरपोर्ट इंटरचेंज से भी लूप बनाकर जोड़ा जाएगा। यह पूरी कवायद नोएडा एयरपोर्ट के अलावा यमुना सिटी के दूसरे सेक्टर तक पहुंच आसान बनाने के लिए की जा रही है।

**एनएचएआई बनाएगी यमुना सिटी की 130 मीटर रोड:** सीईओ ने नोएडा एयरपोर्ट के आसपास और एयरपोर्ट कार्गो तक बन रही सड़कों के काम भी देखा। खासतौर पर एनएचएआई द्वारा बनाई जा रही 30 मीटर रोड के काम का निरीक्षण किया। यहां जमीन के विवाद पता चलने पर प्राथमिकता पर इसे निस्तारित कराने के लिए उन्होंने अधिकारियों से कहा। इसके अलावा यीडा की 130 मीटर मास्टर प्लान रोड को सेक्टर-8डी तक जोड़ने के लिए सर्वे करा जमीनों की खरीद शुरू कराने का निर्देश भी सीईओ ने दिया है। एनएचएआई ही इस सड़क का निर्माण भी करेगी।

## एक नजर

### संस्थान की फेंचाइजी लेने के नाम पर 80 लाख ठगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एक मेडिकल संस्थान की फ्रेंचाइजी लेने के नाम पर 80 लाख की धोखाधड़ी की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्वांचल रॉयल सोसाइटी में निशा शर्मा परिवार के साथ रहती हैं। निशा शर्मा ने न्यायालय को बताया कि डॉक्टर मीना मोहम्मद, डॉक्टर जरीना बेगम, डॉक्टर कल्याणी करनाम ने उनके संस्थान से फ्रेंचाइजी ली थी। आरोप है कि तीन डॉक्टरों ने उनके संस्थान की फ्रेंचाइजी का दुरुपयोग किया और रुपये भी हड़प लिया।

इन सभी ने संस्थान के साथ धोखाधड़ी कर करीब 80 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़िता को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पुलिस ने आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अपहरण मामले में सात साल बाद मांगी अग्रिम जमानत, खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट की अदालत ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। फैसले में अदालत ने कहा कि आरोपी सात साल बाद अग्रिम जमानत मांगने के लिए आया है। साथ ही वह खुद को निर्दोश साबित करने में विफल रहा है। मामला कोतवाली इकोटेक-3 में 2018 में दर्ज किया गया था।

अभियोजन के अनुसार शिकायतकर्ता की 14 वर्षीय पुत्री को आरोपी विकास के साथ एक अन्य आरोपी बबलू और शैलेंद्र बहलाकर ले गए थे। पीड़िता अपने घर से 1.50 लाख रुपये नकद, सात तोला सोना और 900 ग्राम चांदी भी ले गई थी। जांच के बाद अदालत में अन्य सह-आरो. पियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई जबकि विकास को फरार बताया गया। आरोपी के वकील ने अदालत में तर्क दिया कि आरोपी ने न तो लड़की को बहलाया है और न ही उसे उसके कब्जे से उसे ढूंढा गया है। वहीं, विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी ने लगभग सात वर्षों तक खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखा। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के पी. चिदंबरम बनाम प्रवर्तन निदेशालय (2019) के मामले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि अग्रिम जमानत केवल असाधारण मामलों में दी जा सकती है जहां आरोप निराधार हों। इस कारण अदालत ने अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

### नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो में आई तकनीकी खराबी, लगभग 45 मिनट से प्रभावित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की एक्वा लाइन मेट्रो में शनिवार को अचानक तकनीकी खराबी आ गई। तकनीकी दिक्कत के चलने संचालन पिछले 45 मिनट से बंद रही। मेट्रो को अलग अलग स्टेशन पर रोका गया है। मेट्रो में सफर कर रहे यात्री परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मेट्रो लगभग 11:05 बजे रुकी और करीब 11:35 बजे तक नहीं चली। इसके बाद स्टेशन नंबर 143 से 11:37 बजे ट्रेन रवाना हुई लेकिन स्टेशन नंबर 142 पर 11:39 बजे दोबारा रुक गई। करीब 16 मिनट बाद यानी 11:55 बजे मेट्रो ने फिर से चलना शुरू किया और सेक्टर 83 स्टेशन से 12:07 बजे आगे बढ़ी। हालांकि, देरी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन लगातार रुक-रुक कर चलने से यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत करते हुए छडत्ब (छवपकं डमजतव त्ंपस ब्वतचवतंजपवद) से जवाब मांगा है। इस संबंध में एनएमआरसी की प्रवक्ता निशा वधावन ने बताया मेट्रो का संचालन नहीं रुका था। मेट्रो के सिग्नल में दिक्कत वजह से रुक रुककर चल रही थी। मैनुअल संचालन में मेट्रो स्लो रही। इसकी पूरी जानकारी कुछ देर में टाइमलाइन के साथ प्रबंधन की ओर से जारी की जायेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को जाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मिशन शक्ति और पोषण माह अभियान के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी ने आंगनबाड़ी केंद्र एच्छर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान केंद्र पर टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। उन्होंने ने योजना के लाभार्थियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पॉलिथीन का प्रयोग ना करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पॉलिथीन का अत्यधिक प्रयोग मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पृथ्वी, जलवायु और वायुमंडल को भी प्रदूषित करता है। पॉलिथीन में रखे खाद्य पदार्थ अनेक बीमारियों, विशेषकर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

वहीं महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी भी दी गई। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं गर्भवती महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

# कंस्ट्रक्शन इमारत में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-107 ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी की एक अंडर कंस्ट्रक्शन इमारत में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर तीन गाड़ियों को भेजा गया। आग कंस्ट्रक्शन के लिए लाए गए सामान में लगी थी। जिसे 30 मिनट की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग से कोई जन नुकसान नहीं हुई है। हालांकि यहां रखा कंस्ट्रक्शन का सामान जल गया।

ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर सामान रखा था। जिसमें अचानक से आग लग गई। आग से धुआं भरने लगा। मौके पर मौजूद लोग बाहर आ गए। गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। आग फैले नहीं इसके लिए पहले पानी सामान पर डाला गया। उसे हटाया गया।

# तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने शनिवार को सेक्टर-29 के पास से एक बदमाश को धर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान सेक्टर नौ निवासी परवेज उर्फ जानू के रूप में हुई है। 20 वर्षीय परवेज के खिलाफ आर्म्स और आबकारी ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में चार केस फेज वन और सेक्टर-20 थाने में दर्ज हैं। अन्य थानों से भी उसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। आरोपी ने बताया कि वह चोरी और लूट की नीयत से क्षेत्र में घूम रहा था। वारदात का विरोध करने पर लोगों को धमकाने के लिए वह अपने पास तमंचा रखता है।

# गलत इंजेक्शन से छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में शुक्रवार को एक छात्र की कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने एसीपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और क्लिनिक बंद करने की मांग की। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच का आश्वासन दिया है।

हापुड़ के नगला गांव का रहने वाला रजत भाटी (15) नौवीं कक्षा का छात्र था। 4 अक्टूबर को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उसे बुखार था, जिसके बाद परिजन उसे जारचा थाना क्षेत्र के एक निजी क्लिनिक पर ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे दो इंजेक्शन लगाए। परिजनों के अनुसार, इंजेक्शन लगते ही रजत का शरीर नीला पड़ गया। आनन-फानन में उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि क्लिनिक के डॉक्टर द्वारा लगाए गए गलत इंजेक्शन के कारण ही रजत की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद, परिजनों ने रजत का दाह संस्कार कर दिया था और सीएमओ से शिकायत भी की थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते शुक्रवार को ग्रामीण एक बार फिर एकजुट होकर दादरी एसीपी कार्यालय पहुंचे।

**आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग:** प्रदर्शनकारियों ने क्लिनिक को बंद करने, आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने बताया कि उन्हें 5 दिन पहले हुई इस मौत के संबंध में शिकायत मिली है। परिजनों ने क्लिनिक संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि क्लिनिक संचालक घटना के बाद से ही क्लिनिक बंद कर फरार है।

# ओखला पक्षी विहार में लोगों के लिए चार ई-कार्ट चलेंगे

**नोएडा।** ओखला पक्षी विहार में सर्दियों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। इन पक्षियों को देखने के लिए यहां पर्यटकों की तादात भी अधिक होती है। वन विभाग के मुताबिक ओखला पक्षी विहार में सर्दी में चार ई कार्ट चलाए जाएंगे। इससे पर्यटकों को सुविधा होगी। हालांकि ओखला पक्षी विहार की झील अभी सूखी हुई है, जबकि प्रवासी पक्षियों के आगमन का समय निकट है। फॉरेस्ट रेंजर अमित गुप्ता ने कहा कि ओखला पक्षी विहार में छह ई कार्ट थे, जिनमें से दो सूरजपुर वेटलैंड में भेज दिए गए हैं। अभी ओखला पक्षी विहार में पर्यटकों की संख्या अधिक नहीं है।

इस कारण जरूरत के अनुसार ई कार्ट चलाए जा रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर चार ई कार्ट चलेंगे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की ओर से ओखला और हिंडन की तरफ नदी में गेटों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। इसकी वजह बीते समय में बाढ़ के कारण गेट को नुकसान पहुंचना बताई जा रही है। पानी रोके जाने के कारण ओखला पक्षी विहार की झील का पानी सूख गया है। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मरम्मत कार्य में करीब एक हफ्ते का समय लगेगा, जिसके बाद झील में पानी आएगा। झील में पानी आने के बाद ही सफाई का काम शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सर्दियों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी ओखला पक्षी विहार में पहुंचते हैं। यह मुख्य रूप से अक्टूबर से मार्च के दौरान देखे जाते हैं। यह पक्षी मध्य एशिया, यूरोप और साइबेरिया जैसे क्षेत्रों से लंबी दूरी तय करके आते हैं, क्योंकि इन क्षेत्रों में अत्यधिक ठंड और जमा देने वाली परिस्थितियों से बचने के लिए उन्हें एक अनुकूल आवास की तलाश होती है।

# ग्रेटर नोएडा सबसे अधिक वायु प्रदूषित शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश में रविवार को ग्रेटर नोएडा सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। शहर का एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। इस महीने तीन दिन शहर की हवा खराब श्रेणी में रही। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जल्द ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी विभागों के साथ बैठक करेगा। नोएडा का एक्यूआई 225 दर्ज किया गया। नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान सेक्टर-125 रहा। यहां एक्यूआई 314 तक पहुंच गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह स्थान कई वर्षों से हॉटस्पॉट बना हुआ है। ग्रेटर नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान नॉलेज पार्क थ्री रहा। यहां का एक्यूआई 292 दर्ज किया गया।



सभी स्थानों पर पीएम 10 का स्तर पीएम 2.5 के स्तर से अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम स्तर 500 तक पहुंच गया। देश में दूसरा सबसे वायु प्रदूषित शहर गुजरात का वापी रहा। यहां का एक्यूआई 276 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयास चल रहा है। सभी विभागों और प्राधिकरणों के साथ जल्द ही बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। पहले से निर्धारित हॉटस्पॉट पर काम चल रहा है। अभी तक निर्धारित हॉट स्पॉट यमुना पुस्ता रोड, सेक्टर-115, 115 साथ के सात और सेक्टर, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे, सेक्टर-150, दादरी रोड, सेक्टर-62 से 104 तक, सेक्टर-62, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपीएसआईडीसी सूरजपुर साइट सी, गौर चौक, एक मूर्ति, परी चौक, तिलपता चौक, सूरजपुर से ग्रेटर नोएडा वेस्ट रोड, कासना और पुलिस लाइन सूरजपुर से गौर चौक तक।

वायु प्रदूषण बढ़ने की स्थिति में इसमें नए हॉट स्पॉट भी जुड़ सकते हैं। साथ ही इनमें से कई हॉट स्पॉट हटाए भी जा सकते हैं। जाम, निर्माण, कूड़ा और धूल मुख्य कारण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार नोएडा में जाम और निर्माण कार्य वायु प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। वहीं ग्रेटर नोएडा में निर्माण, जाम, कच्ची सड़कों से उड़ने वाली धूल, कूड़ा और कूड़े में आग मुख्य वजह हैं। इसके लिए दोनों शहरों के अलग-अलग हॉट स्पॉट के लिए अलग-अलग कारण निर्धारित किए गए हैं। ग्रेटर नोएडा के गौर चौक, एक मूर्ति चौक, परी चौक, तिलपता चौक, कासना आदि स्थानों पर वायु प्रदूषण के कारण ट्रैफिक जाम है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# तीहरे हत्याकांड को लेकर प्रत्येक एंगल से जांच कर रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मौलाना इब्राहिम की गैर मौजूदगी में उनके परिवार पर हुए हमले तथा हत्याओं के बाद लोगों में रोष व्याप्त हो गया। घटना के बाद पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया लेकिन उस समय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी तथा हत्याकांड का खुला. सा किया जाए। थोड़ी मशक्कत के बाद पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए हत्याकांड के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया और शवों को अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस काफी सतर्क है और घटनास्थल पर भी पुलिस बल तैनात किया गया है।

जनपद के दोघट थाना क्षेत्र के गांव गांगनौली में हुई हृदय विदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तेदी बनी हुए हैं। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर नजर लगाए हुए हैं, हालांकि अभी तक घटना को लेकर कोई संकेत नहीं मिले हैं लेकिन पुलिस प्रत्येक एंगल से इस घटना की जांच में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस घटना के खुलासे को लेकर पुलिस की पांच टीम बनाई गई है और पुलिस का दावा है कि इस तिरह हत्याकांड का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। मेरठ डीआईजी कलनिधि नैथानी ने भी गांगनौली पहुंचकर घटना के संबंध में पुलिस अधिकारियों से जानकारी लेते हुए शीघ्र ही घटना के खुलासे के निर्देश दिए।





## घटना के खुलासे को लेकर पुलिस ने की पांच टीमें गठित

**मस्जिद में महिला इसराना तथा दो बच्चों सोफिया व सुमेय्या की धारदार हथियारों से काटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस सतर्क नजर आ रही है। घटना को लेकर पुलिस प्रत्येक एंगल पर जांच करते हुए हत्याकांड को अंजाम देने वाले लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीम में लगाई गई है जो प्रत्येक एंगल से जांच कर रही है। उनका कहना है कि शीघ्र ही हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे और हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।**







# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में वंश ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय सरफाबाद में न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे फुलैरा और ललियाना की टीम ने भाग लिया जिसमे 50 मीटर दौड़ मे वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जवाहर नवोदय विधालय सरफाबाद में न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे फुलैरा और ललियाना की टीमो ने भाग लिया जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ में वंश प्रथम रहा। वही बालिका वर्ग मे अलशीफा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग में लकी प्रथम बालिका वर्ग में अलीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में सोना प्रथम व बालिका वर्ग में निधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अर्जुन ने प्रथम व बालिका वर्ग मे नेंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगता का उद्घाटन प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने किया। इस मौके पर खेलकूद नोड़ल प्रभारी रूपेश, प्रदीप,सजीव आदि मौजूद रहे।



# युवक ने की फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में एक 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फदें पर लटका मिला। मौकें पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गौना निवासी 22 वर्षीय सोनू पुत्र कर्मवीर खेती बाड़ी का काम करता है। देर शाम वह खेत से आने के बाद घर के कमरे मे चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ समय बाद जब घर वालो ने उसे आवाज लगायी तो उसका कोई जवाब नही आया तो उसके भाई सचिन ने उसे फोन मिलाया तो उसने नही उठाया। शक होने पर उसके भाई ने कमरे के जगलें से झाककर देखा तो वह फासी के बन्दे पर लटका हुआ था जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौकें पर चांद. ानगर पुलिस और खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया मौकें पर पहुंचे और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया वही पुलिस जांच में जुटी है।



# पक्षी केवल प्रकृति की शोभा नहीं बल्कि उसके है प्रहरी:केपी मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को पर्यावरण संरक्षण और जीव जंतुओं की सुरक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत हर मौसम हर घर एक पंछी घर का शुभारंभ तहसील परिसर में किया गया, जिसका उद्घाटन राज्य मंत्री केपी मलिक व एसडीएम भावना सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

इस अभियान से जुड़े हरित प्राण ट्रस्ट संस्था के डायरेक्टर डा.दिनेश बंसल ने बताया कि इस संस्था के प्रतिनिधियों ने पूरे जनपद में इस अभियान को जागरूकता के साथ चलाया है ताकि अधिक से अधिक लोग अपने करो और कार्यालय में पंछी घर लगाकर इसकी मुहिम से जुड़कर इस मुहिम को आगे बढ़ने का कार्य करें। डा.दिनेश बंसल ने कहा कि पक्षी प्रकृति के प्राणी है उनकी रक्षा ही मानव और धरती की रक्षा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि जैसे हम धरती पर बीज होते हैं। इस तरीके से पक्षी केवल प्रकृति की शोभा नहीं है बल्कि उसके प्रहरी है यह बी फैलाकर अंजलि को बढ़ावा देना और फसलों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य बनता है। उनकी सुरक्षा करेगा तो पर्यावरण का संपूर्ण काम रहेगा और धरती अधिक स्वस्थ रहेगी। कार्यक्रम को एसडीएम भावना सिंह ने भी संबो. धित किया। इस मौके पर अनुज जैन, मोनू, विनोद , अमित जैन, अमर, पूर्व बार अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# गांव में चतुर्वेद शतकम महायज्ञ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** ग्वालीखेड़ा गांव में शनिवार को दो दिवसीय चतुर्वेद शतकम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। जिसमें आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने आहुति देकर मानव कल्याण की कामना की।

आयोजन के ब्रह्म आचार्य विनोद कुमार शास्त्री ने कहा कि कुछ व्यक्ति समाज में अपात्र लोगों को दान दे देते हैं। जिससे समाज में अंधविश्वास और रूढ़ियां पनप जाती हैं, क्योंकि दिए गए दान से अपात्र व्यक्ति उसका दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि अपात्र व्यक्ति को दान देना वेद अथवा शास्त्र सम्मत नहीं है। आचार्य विजयपाल शास्त्री, अचार्य कपिल शास्त्री एवं संयोजक आचार्य अमरेश शास्त्री ने भी वेदोपदेश देते हुए सामाजिक कुप्रथाओं पर चोट की, तथा कहा कि सामाजिक कुप्रथाएं राष्ट्र के लिए घातक हैं। इसीलिए आदि श्रृंगी ऋषि ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज ने यज्ञ करने का संदेश दिया। आयोजन में महंत साधुराम स्वामी, धनकुमार शास्त्री, अरविंद शास्त्री, रामपाल सिंह तोमर, डा.रवि, सत्येंद्र कुमार, विजय, दीपक आदि मौजूद रहे।

# रुपये के लेनदेन को लेकर दो व्यापारियों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सब्जी मंडी में दो व्यापारियों के बीच रुपए के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट का एक वीडियो वायरल हो गया है। इस घटना में एक व्यापारी घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला बागपत कोतवाली क्षेत्र की सब्जी मंडी का है। आरोप है कि व्यापारी नदीम आढ़ती और उसके साथियों ने मंडी के ही एक अन्य व्यापारी भीम की पिटाई की। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। यह विवाद देखते ही देखते हिंसक मारपीट में बदल गया, जिसका पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। वायरल वीडियो में आरोपियों को व्यापारी भीम के साथ हाथापाई करते देखा जा सकता है। मंडी में मौजूद अन्य व्यापारियों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भीम घायल हो चुका था। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। शहर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मारपीट के इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों की पहचान कर रही है।



# खिलाड़ी शुभम और विजय का नेशनल कैंप में हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 6अक्टूबर से 10अक्टूबर तक चल रही डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अयोध्या में आयोजित स्टूडेंट गेम फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्टेट चैंपियनशिप में मेरठ मंडल ने अंडर 17 बालक वर्ग कबड्डी स्टेट चैंपियन शिप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ द्वारा बताया गया कि मेरठ मंडल ने अयोध्या मंडल को हराकर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी जगह बनाई जिसमें फाइनल मुकाबला सैफई और मेरठ मंडल के बीच हुआ फाइनल मुक. ाबले में अयोध्या मंडल ने मेरठ मंडल को पराजित कर दिया जिसमें मेरठ मंडल को द्वितीय स्थान से ही संतोष करना पड़ा मेरठ मंडल की टीम में शुभम राजपूत पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी बिललौचपुरा को बेस्ट रेडर का खिताब मिला ओर विजय कुमार पुत्र सहेंद्र सिंह निवासी मलकपुर को बेस्ट डिफेंडर का खिताब मिला। ये दोनों खिलाड़ी सर्वहितकारी इंटर स्कूल बिनौली के छात्र हैं और नगर की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत में प्रशिक्षण लेते हैं। इन दोनों खिलाड़ीयो का चयन नेशनल कैंप के लिए भी किया गया है साथ में दीपक कुमार, बादल तोमर, शुभम नैन, समीर, आर्यन, नितिन आदि का भी प्रदर्शन अच्छा रहा जिसमें अशोक, रोहित, कमल, मनोज, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।



# बागपत जिला व नगर, कस्बों की कमेटी के सदर का चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सराय रोड़ पर मौ.खालिद के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में कई कस्बों, शहरों की कमेटियों के सदर के इत्तिफाक से सेलेक्शन किये जाने के बाद चुनाव कमेटी के पर्यवेक्षक द्वारा उनको प्रणाम पत्र दिया गया जिनमें खासतौर से बागपत जिले के सदर के लिए मौ. खालिद बावली वाले, बड़ौत नगर के लिए श्शान मौहम्मद, बागपत नगर के लिए मौहम्मद इस्लाम,दोघट कस्बे के लिए मईनुद्दीन, छपरौली कस्बे के लिए मौ.हनीफ, अमीननगर सराय के लिए मौ.यामीन और साथ ही मेरठ मंडल के लिए अब्दुल हमीदश ट्रॉनिका सिटी बावली वालों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनको सोसायटी के एजेंडे पर काम करते हुए बिरादरी और समाज की तरक्की के लिए खिदमत करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गयी। कार्यक्रम की सदारत हाजी इस्हाक खान बावली वाले और निजामत मास्टर मौ. यामीन ने की।

प्रोग्राम में रामपुर मनीहारान से अनवर नेता जी, गंगोह से शाहिद, शराफत, जिशान, ट्रॉनिका सिटी से इदरीस, बडौली से पप्पू, सिक्का से शकूर, दिल्ली नांगलोई से हसीन मिर्ज़ा व सगीर तिसंग,बड़ौत से हाजी इस्लामुद्दीन, टटीरी से गफ्फार साजिद, नदीम समीर अहमद बड़ौत, जिया उर रहमान, इरशाद सोनू, शाहिद, हाजी अलीहसन ढिकाना, मौजूद रहे।

# स्कूल में रक्तदान व पशु कल्याण स्वयंसेवक शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान महादान एवं पशु कल्याण स्वयंसेवक शिविर का और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस सेवा-पर्व में विद्यालय परिवार, शिक्षक एवं अभिभावकों ने अत्यधिक उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया।

शिविर में अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर 50 यूनिट रक्तदान किया, जो समाजसेवा और संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण है। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हुई। इस आयोजन में सिस्टर शीना मैनेजर और सिस्टर फिलोमारिया संत ऐल्फोंसा क्लब इंचार्ज के मार्गदर्शन और समन्वय से कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, प्रभावशाली और प्रेरणादायक ढंग से संपन्न हुआ। इस शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर में पैथोलॉजिस्ट डा. रवीकांत शुक्ला, लैब टेक्नीशियन केएल भारती, काउंसलर प्रीति वर्मा, लैब टेक्नीशियन योगेश कुमार आदि शामिल रहे। सिमरन ने दो पपीज़ जैकी और डेसी को गोद लिया, लो. केश ने रोज़ी और रीतु ने लूसी को अपनाकर पशु प्रेम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल में अमन , गुलफ्सा, प्रिया, आमिर और प्रबंधन समिति ने विशेष सहयोग किया। पशु कल्याण स्वयंसेवक शिविर का आयोजन डीएम के मार्गदर्शन में किया गया। प्रधानाचार्या सिस्टर डा.जेस्सी जोस ने कहा कि सच्ची सेवा में साहस, करुणा और समर्पण की शक्ति होती है। आज के इस आयोजन ने दिखाया कि जब हम मानवता और पशु प्रेम को साथ लेकर चलते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा, हर माता-पिता और हर शिक्षक अपने छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाएँ।




## एक नजर

### छात्रा ने लगाया चार युवकों पर छेड़छाड़ और अश्लील इशारे करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कक्षा 10 की एक छात्रा ने चार युवकों पर छेड़छाड़ और अश्लील इशारे करने का आरोप लगाया है। यह घटना स्कूल से घर लौटते समय हुई। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि स्कूल की छुट्टी के बाद जब वह अपने घर जा रही थी, तभी रास्ते में चार युवक खड़े थे। उनमें से एक युवक ने उसका हाथ पकड़ा और उसके साथ अश्लील बातें कीं। छात्रा किसी तरह उन युवकों के चंगुल से निकलकर घर पहुंची और अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद जब परिजन युवकों की पहचान कर उनके घर शिकायत करने पहुंचे, तो युवकों के परिवार वालों ने उन्हें धमकी दी। धमकी मिलने के बाद छात्रा का परिवार शहर कोतवाली पहुंचा और दोषियों के खिलफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने थानें पहुंच पति के खिलफ तहरीर है। ढिकोली निवासी दीपा पत्नी अनुज ने बताया कि उसकी शादी आठ साल पहले हुई थी तभी से पति दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करते है। वही शनिवार को भी उसके साथ मारपीट की महिला ने थानें पहुंच पति के खिलाफ तहरीर दी है।

### प्रतियोगिता तीन चरणों जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय में की जाएगी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** इस वर्ष जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन नगर के प्रसिद्ध महाविद्यालय जनता वैदिक कॉलेज में होने जा रहा है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत पोर्टल के सहयोग से विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत को करने की जिम्मेदारी मिली है। युवा संसद का उद्देश्य जनपद के युवाओं को लोकतंत्र, नीति निर्माण एवं विकास पर अपनी आवाज़ बुलंद करने का मंच प्रदान करना है। इस वर्ष युवा संसद का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख निर्धारित किया गया है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय में आयोजित की जाएगी। इस जनपद स्तरीय कार्यक्रम के बाद युवाओं को विधान सभा लखनऊ में अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। तथा जो युवा वहां भी अच्छा करेंगे उन्हें संसद भवन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समक्ष अपना विचार रखने का अवसर मिलेगा। पंजीकरण ऑनलाइन चित्र में दिए गए फत्प कोड से किया जा सकता है। अथवा जनता वैदिक कॉलेज में मिलकर कराया जा सकता है। निर्धारित विषय पर 3 मिनट का भाषण हिंदी, अंग्रेज़ी या क्षेत्रीय भाषा में तैयार कर पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुतीकरण करना है। प्रत्येक जनपद से चयनित शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में भाग लेने वाले युवाओं को राज्य विधानसभा एवं संसद में बोलने का अवसर, सां. सदों एवं नीति-निर्माताओं से संवाद, प्रमाणपत्र एवं सम्मान प्राप्त करने का गौरव मिलेगा। जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत के प्राचार्य प्रो.वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने का बहुत अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगा।

### महिलाओं की समस्याओं को सुना ,12 महिलाओं की समस्याओं का किया निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में जनपद के ग्राम सांकरौद में थीम' शक्ति संवाद के तहत महिलाओं की समस्याओं को सुना गया तथा साथ ही 12 महिलाओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण भी किया गया एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कॉविड व सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, घरेलू हिंसा, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी हेल्पलाइन नंबर, 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, एवं 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप बागपत से केंद्र प्रशासक नैना शर्मा एवं पैरामेडिकल स्टाफ दीपिका एवं नवोदय लोक चेतना सांकरोद से केस वर्कर रूचिका आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अनुज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

जसबीर पुत्र पीतु निवासी ग्राम तुगाना थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

# गांव खिर्वा में गौकशी की घटना पर हंगामा

## गौवंश के अवशेष मिलने से लोगों में गुस्सा, मौके पर पहुंचे एसपी देहात व सीओ ने किया शांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव खिर्वा जलाल. पुर गांव में शनिवार सुबह खेत में गौकशी की घटना से क्षेत्र के लोगों में गुस्सार फैल गया, मौके पर भारी संख्या में पहुंचे हिंदू संगठनों के लोगों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने चौकी इंचार्ज पर गौकशों पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए तत्काल प्रभाव से हटाने को लेकर जबरदस्त हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साएं लोगों को समझाते हुए मामले को शांत कराया, पुलिस ने ग्रामीणों से मामले का खुलासा करने के लिए दो दिन का समय मांगा, मौके पर तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दी गई है।



शनिवार सुबह करीब 11 बजे पूर्व प्रधान रजी अहमद ने पुलिस चौकी गंगनहर पर अपने बाग में गौकशी की सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गयें, तत्काल प्रभाव से थाना पुलिस, सीओ सरधना आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे गए। मौके पर करीब एक दर्जन गौवंशों के अवशेष पड़े हुए थे, जिसे देखकर पुलिस के भी होश उड़ गए। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर बजरंग दल, भाजपा के पदाधिकारीगण भी मौके पर पहुंच गए। और घटना के विरोध में जमकर हंगामा काटा, साथ ही उन्होंने पुलिस चौकी प्रभारी पर गौतस्करों के साथ मिलकर गौकशी कराने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने तत्काल प्रभाव से आरोपियों की गिरफ्तारी व एनकाउंटर करने की मांग की, सूचना पर एसपी देहात अभिजीत कुमार भी मौके पर पहुंच गए, और मामले की जानकारी करते हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। एसपी देहात ने आश्वासन दिया कि दो दिन में आरो. पियों को पकड़ लिया जायेगा, साथ ही पुलिस चौकी प्रभारी की जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी। उनके समझाने के बाद ही ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान विभिन्न हिंदू संगठनों से अनिल चौधरी दबथुवा, आदेश कसाना मंडल अध्यक्ष भाजपा, हर्ष शर्मा, लक्की सैनी, राकेश गुप्ता, अंरविंद गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### दो दिन में खुलासा नही होने पर किया जाएगा आंदोलन

इस बारे में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल चौधरी दबथुवा ने आरोप लगाया कि खिर्वा क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से ही गौकशी हो रही है। पूर्व में भी कई बार इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, उन्होंने चेतावनी दी अगर पुलिस ने दो दिन में आरोपियों को पकड़ कर एनकाउंटर नही किया जो बहुत बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

# डीआईजी ने रोहटा थाने में किया मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण

## महिलाओं से जुड़े मामलो की जल्दी तारीख देकर कराए काउन्सलिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीआईजी कलानिधि नैथानी शनिवार को महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित 'मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना रोहटा पर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंच गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार भी उपस्थित थे। डीआईजी ने मिशन शक्ति केन्द्र की समीक्षा के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मिशन शक्ति से सम्बन्धित SOP के अनुसार कार्य करे एवं सभी विभागो से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करे। महिला सम्बन्धित संवेदनशील मामलों में चिकित्सा परीक्षण एवं पलायन संबंधी प्रकरणों और झूठे आरोपों वाले मामलों में अनिवार्य काउंसिलिंग कराये। महिलाओं बालि. काओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित FIR विवेचनाओं और अभियुक्तों के खिलाफ निवारक कार्यवाहियों का समानांतर रिकॉर्ड रखे। मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी यदि काउन्सलिग के दौरान किसी प्रकरण में एफआईआर की संस्तुति करे तो थाना प्रभारी तुरन्त एफआईआर दर्ज करे । पंचायत एवं वार्ड वार संयुक्त टीमे बनाकर नुक्कड़ कार्यक्रम चौपाले आयोजित की जाए।



## नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छह से नौ अगस्त तक शारदा सर्वितकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंडीगढ़ में आयोजित हुई विद्या भारती नैशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता जिसमें भराला स्थित कुसेन्दर पाल सिंह बॉक्सिंग अकैडमी भराला के प्रशिक्षु दिव्यांशु कुमार ने 48 कि.ग्रा. भार वर्ग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रौशन किया। प्रशिक्षु सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर कंकरखेड़ा स्कूल कक्षा 9 के छात्र हैं। प्रशिक्षु सुबह शाम बॉक्सिंग कोच अरुण कुमार की देख रेख में अभ्यास करता है। प्रशिक्षु के अकैडमी पहुंचने पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, विशेष तोमर सचिव जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, अरुण कुमार, सोनू मलिक, सतेंद्र फौजी, अंकित बाबरा, विकास कुमार, रिंकू, अभिषेक, रोहित, अक्की, राजाराम, सचिन सिवाच, कुलदीप सिवाच, धर्मेन्द्र धनकड़ आदि ने बधाई दी।

# समाधान दिवस में डीआईजी ने सुनीं समस्याएं

## थानो में फरियादियों की समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी थाना रोहटा पहुंचे। उन्होंने मौके पर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। डीआईजी नैथानी ने समाधान दिवस के बाद थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों, मालखाने और बैरक की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान थाने की साफ-सफाई और मैस के उच्चीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर कुलदीप कुमार को उनके कार्यों की गहन जानकारी एवं चरित्र सत्यापन रजिस्टर शत्-प्रतिशत अद्यावधिक पाए जाने पर पुरस्कृत किया। डीआईजी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। छोटी धाराओं के मुकदमों को बिना वजह लंबित न रखा जाए।

### त्योहारों से पहले रोहटा में पैदल गश्त

निरीक्षण के बाद डीआईजी नैथानी ने पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ कस्बा रोहटा में पैदल गश्त की। उन्होंने मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद कर पुलिस की मौजूदगी का संदेश दिया।

### यह दिए डीआईजी ने निर्देश

डीआईजी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। जमीन संबंधी विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर समाधान दिवस में निस्तारण कराएं। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। महिला अपराधों से जुड़े रजिस्टर और महिला हेल्प डेस्क को अद्यावधिक रखें। दहेज मामलों में तत्काल जांच कर एफआईआर दर्ज की जाए। हिस्ट्रीशीटर की सतत् निगरानी हो और फ्लाईशीट प्रविष्टियां पूर्ण रहें।



गंभीर अपराधों जैसे हत्या व गैंगस्टर मामलों के वांछितों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। सीज व लावारिस वाहन एवं माल मुकदमाती वस्तुओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। SID सिस्टम का अधिकतम उपयोग कर सौ प्रतिशत आईडी निर्माण कराया जाए। छह माह से अधिक पुरानी विवेचनाओं का निरस्तारण कर नियमित पर्यवेक्षण करें। डीआईजी ने कहा कि जनता की शिकायतें ही पुलिस की प्राथमिकता हैं। हर अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि न्याय और भरोसे का संदेश जनता तक पहुंचे।

## शराबी पति से परेशान महिला ने खाया जहर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** पति से तंग आकर ससुराल से आई नवविवाहिता ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए मायके में जहर खा लिया। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में पंचनामा भरकर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ग्राम कुंडा निवासी प्रदीप की पुत्री आरूषि उर्फ चिंकी की शादी करीब 11 माह पूर्व दिल्ली के वजीराबाद इलाके में प्रशांत पुत्र मनोज के साथ हुई थी। पति नशे का आदि है। शुक्रवार को उसने जहर खा लिया। परिजन विवाहिता को अस्पताल ले गये लेकिन विवाहिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में विवाहिता का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विश्व मानव दिवस पर छात्राओं को किया जागरूक

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में मानव अधिकार और दवा मानकों पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को विश्व मानव दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानकीकरण के महत्व और मानवाधिकारों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसका संच. ालन राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की अध्यापिक. ाओं रेनू सिंह और मंजू सिंह ने किया। इस दौरान एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और वृक्षारोपण भी किया गया। कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को मानक स्टैंडर्ड क्लब के अध्यक्षों के रूप में नामित कर उन्हें बैज प्रदान किए गए। जिला औषधि निरीक्षक मेरठ, पीयूष ने उपभोक्ताओं को दवाइयों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि दवाएं बीआईएस मानकों के अनुसार होनी चाहिए और दवा की दुकानें आईएसओ प्रमाणित हों। उन्होंने केवल अधिकृत और विश्वसनीय दुकानों से डाक्टर की सलाह पर ही दवाएं खरीदने, उनकी गुणवत्ता व समाप्ति तिथि जांचने तथा संदिग्ध दवा न लेने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षितगढ़ की प्रधानाचार्य पूनम, राजकीय इंटर कॉलेज किठौर की प्रधानाचार्य कुसुम लता, बीआईएस अधिकारी प्रियांशु, जिला औषधि निरीक्षक पीयूष, मंजू, रेनू सिंह, सोनिया, विदुषी और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज किठौर की छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित रहे।



## कृति सेनन कैंपस शूज के नए कैंपेन यू.गो.गर्ल में सामाजिक बंधनों को तोड़ती आई नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते स्पोर्ट्स और एथलीजर ब्रांड्स में से एक कैंपस एक्टिव वियर ने अपने चर्चित कैंपेन 'यू गो, गर्ल!' का दूसरा अध्याय प्रस्तुत किया। निखिल अग्रवाल सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा कि इस बार भी इसकी पहचान बनी हैं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन पहले अध्याय में जहां 'यू गो, गर्ल!' कैंपेन ने महिलाओं को अपने फैशन और अंदाज को आत्म विश्वास से अपनाने के लिए प्रेरित किया था, वहीं इस साल का संस्करण उस सोच को और आगे ले जाता है। यह कैंपेन केवल फैशन तक सीमित नहीं है, बल्कि दिखाती है कि महिलाएं अपनी दुनिया गढ़ने की क्षमता रखती हैं।

# सेंट जॉन्स स्कूल में अतुल्य भारत प्रदर्शनी का हुआ शानदारआयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बच्चा पार्क स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल फॉर गर्ल्स में शनिवार को अतुल्य भारत विषय पर कला, रंगोली और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ सदर की क्षेत्रधिकारी नवीना शुक्ला और प्रधानाचार्या अरशा जे. विल्फ्रेड ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने पेपर क्राफ्ट, पुनर्चक्रण कला, प्राकृतिक वस्तुओं से बनी सजावटी चीजें, मॉडल्स और पेंटिंग्स के माध्यम से भारत की संस्कृति, नारी सशक्तिकरण और विविधता को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं की रचनात्मकता और रंग संयोजन ने सभी को प्रभावित किया। जूनियर वर्ग में एम्बर हाउस प्रथम व इंडिगो हाउस द्वितीय, जबकि सीनियर वर्ग में क्रिमसन हाउस प्रथम और एमरल्ड हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि नवीना शुक्ला ने छात्राओं की कला व प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि भारत की नई पीढ़ी अपनी संस्कृति के प्रति समर्पित और प्रतिभाशाली है। अंत में प्रधानाचार्या ने सभी को धन्यवाद दिया।



# डीएवी स्कूल में लगा रक्तदान महादान शिविर, 40 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीजे डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, में शनिवार को आर्य समाज, थापर नगर के तत्वावधान और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सहयोग से रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया।



विद्यालय के अभिभावकों ने भी रक्तदान में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के साथ-साथ विद्यालय परिसर में गणित, विज्ञान और कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विरोत्तम तोमर, आईएमए अध्यक्ष मनीषा त्यागी, सचिव विकास गुप्ता तथा आर्य समाज, थापर नगर के प्रमुख राजेश सेठी ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने गणित के विविध मापदंडों, कला की रंग-बिरंगी कृतियों और विज्ञान के वर्किंग मॉडल्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान विभाग के नवाच. ारपूर्ण मॉडलों ने दर्शकों की खूब सराहना की। यह आयोजन डीएवी स्कूल की क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा और प्रधानाचार्या अपर्णा जैन के निर्देशन में हुआ। प्रधानाचार्या ने रक्तदान शिविर में सहयोग देने वाले अभिभावकों का आभार जताया और प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दीं।

## सुभारती में बुद्ध मेले का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ सुभारती बुद्ध मेले का भव्य शुभारंभ उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सुभारती विवि एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल फाउंडेशन के द्वारा किया गया यह प्रयास आज के समय की जरुरत है।

इस मेले के द्वारा न सिर्फ लोगों को मनोरंजन का एक मौका मिल रहा है। उन्हें तथागत बुद्ध के करुणा, मैत्री तथा सद्भावना एवं सौहार्द के पथ पर चलने का दिव्य ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। यहां आकर उन्हे यह अहसास हुआ कि सुभारती विवि न सिर्फ समाज में विद्या का प्रसार कर रहा है, अपितु यहां पर पग-पग पर राष्ट्रीयता एवं देश के स्वतंत्रता समर के अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा को दर्शाया गया है। यह दर्शाता है कि यहां हमारे देश के भावी कर्णधारों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीयता एवं सेवाभाव के साथ तैयार किया जा रहा है जो आने वाले समय में देश को विश्वपटल पर गौरवांवित करेंगे। वहीं अपने संबोधन में सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय एवं संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन का सुभारती बुद्ध मेले के आयोजन के द्वारा यह प्रयास है कि तथागत बुद्ध के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। जिसके द्वारा समाज में व्याप्त सभी तरह की कुरीतियों को दूर किया जा सके। इस दौरान विश्व. विद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि इस वर्ष चतुर्थ बुद्ध मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में हर वर्ष लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है जो यह बताने के लिए काफी है।

# अमिताभ बच्चन का 83 वां जन्मदिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे सिनेमा इकाई चित्रपट सेना के महानगर अध्यक्ष अभिनेता मुकेश शर्मा (जूनियर अमिताभ बच्चन) व मीना मूविज के डायरेक्टर अफजल सैफी के नेतृत्व में छीपी टैंक स्थित शिवसेना कार्यालय पर फिल्म सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का 83 वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाते हुए केक काट कर सभी को शुभकामनाएं दी गई।



चित्रपट सेना के कलाकारो द्वारा अमिताभ बच्चन की फिल्मो के डायलॉग बोलकर व गानो पर नृत्य कर सभी का मनोरंजन किया गया। इस अवसर पर शिव सेना प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि चित्रपट सेना इकाई जिस तरहा से मुंबई में छोटे कलाकारो को फिल्म सिटी में अभिनय का मौका दिलाकर रोजगार के अवसर खोलती है, वैसे ही मेरठ में भी चित्रपट सेना के बैनर के नीचे सैकड़ों कलाकारों को जोड़ कर मुंबई सहित सभी जगह अभिनय के क्षेत्र से मौका दिया जा रहा है। शिव सेना जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने कहा कि अमिताभ बच्चन के शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे से पारिवा. रिक रिश्ते थे। चित्रपट सेना ने अभिताभ बच्चन का जन्मदिवस मनाकर स्वर्ग में बैठे बाला साहेब को प्रसन्न करने का भी कार्य किया है। इस अवसर पर समाज सेवी राजू, महरोल, यासीन खान, संगीता, सुल्ताना मिर्जा, जोगेन्द्र आदि शामिल रहे।

## रालोद के सदस्यता अभियान में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोक दल के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत शनिवार को मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन एसजीएम गार्डन, में किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह और भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक न्याय, समानता और किसान हितों के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, विधायक गुलाम मोहम्मद, नरेंद्र खजूरी, जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर, आर्यन सिंह, सुधीर चौधरी आदि रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यावरण समिति ने किया प्रतिभागियों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को नगर स्थित सेंट जोजफ इण्टर कॉलेज पुरूस्कार वितरण व पर्यावरण चिंतन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतियोगिता में भाग लेने वालें छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान पर्यावरण बचानें का भी संकल्प लिया गया। पर्यावरण धर्म समिति रजि. के तत्वाधान एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संदेश देने के लिए डांइग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमें नगर के कई स्कूल कालेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। शनिवार को प्रतियोगिता में भाग लेने वालें छात्र छात्रों व प्रथम, दितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 4 गुरू में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक उपस्थित रहें। इस दौरान सूर्यदेव त्यागी, ऐनुदीन शाह, जीशान कुरैशी, असद गालिब, सिंकदर गुर्जर, इरफान जावेद सिदीकी, ब्रदर चाको आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम संयोजक आगा अली शाह, शाहवेज अंसारी, सिस्टर मीना रहें।



## 17 को जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में भोला झाल पर तहसील सदर की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा पंचायत में मुख्य रूप से 17 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के घेराव को लेकर रणनीति तैयार की गई जिसमें जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सर्वसम्मति से जिला मुख्यालय घेराव में घेरा डेरा डालने का आह्वान करते हुए अपने पशुओं के साथ जिला मुख्यालय पहुंचने और अधिकारियों की किसान के प्रति उदासीनता को देखते हुए आगामी सभी त्यौहार पर्व को जिला मुख्यालय पर मनाने का निर्णय लिया गया और सभी से एकजुट होकर संगठन विस्तार करते हुए संगठित रहने का आह्वान किया और जिला मुख्यालय पहु. चने का सभी ने निर्णय लिया।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाला दबोचा, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर निवासी एक युवक को एक नाबालिग लड़की को ले जाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। ग्राम कैलीरामपुर निवासी शेरदीन ने थाने में पांच दिन पूर्व तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को ग्राम अगवानपुर निवासी सोनू पुत्र चरणजीत 26 सितंबर को बहला फुसलाकर ले गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पॉस्को सहित अनेक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि आरोपी सोनू को शनिवार को ग्राम अगवानपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।




# भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा

## ● वेस्टइंडीज से 378 रन आगे, वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिरे, स्टंप्स तक स्कोर 140 रन, जडेजा को तीन विकेट मिले

**नई दिल्ली, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के बेहतरीन शतक से भारत ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पांच विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटककर वेस्ट इंडीज का पहली पारी में स्कोर चार विकेट पर 140 रन कर दिया। विंडीज अभी भारत के स्कोर से 378 रन पीछे है। एक और दिन भारतीयों के नाम रहा।

वेस्टइंडीज ने अहमदाबाद की तुलना में ज़्यादा धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया, लेकिन फिर भी एकाग्रता में कुछ कमियां देखने को मिलीं, जिसका उन्हें इस सीरीज में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत ने आज 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित करने से पहले ठीक 200 रन और जोड़े - यशस्वी जायसवाल के 175 और शुभमन गिल के 129, रनों की बदौलत टीम ने बड़ा स्कोर बनाया।

जॉन कैंपबेल एक अजीबा. `गरीब तरीके से आउट हुए, लेकिन तेज नारायण चंद्रपॉल और एलिक ऐथनेज ने धैर्य बनाए रखा और दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की। लेकिन जैसा कि पहले अक्सर होता आया है, एक गलती के कारण चंद्रपॉल आउट हो गए और मेहमान टीम का स्कोर 87/1 से 107/4 हो गया। शाई होप काफी सकारात्मक दिखे और टेविन इमलाक ने आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की। विकेट पर अभी भी रन बने हुए हैं और उन्हें कल अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारत के लिए, सब कुछ धैर्य बनाए रखने, सही क्षेत्रों में गें. दबाज़ी करने और अपरिहार्य गलती का इंतज़ार करने पर निर्भर करता है। भारत के पारी घोषित करने के बाद जब वेस्ट इंडीज ने खेलना शुरू किया तो उसे पहला झटका जल्द ही लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर जडेजा ने जॉन कैंपबेल को आउट कर दिया। कैंपबेल ने 10 रन बनाए और विंडीज का पहला विकेट 21 के स्कोर पर गिरा। तेज नारायण चंद्रपाल और ऐलेक ऐथनेज ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। लेकिन जडेजा ने चंद्रपाल को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोघ। चंद्रपाल ने 67 गेंदों में 34 रन बनाए। कुलदीप यादव ने कुछ देर बाद ऐलेक ऐथनेज को पवेलियन की राह दिखा दी। ऐथनेज ने 84 गेंदों पर 41 रन बनाए। जडेजा ने विंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को खाता खोलने का मौका दिए बिना अपनी ही गेंद पर खुद कैच कर लिया। शाई होप ने इसके बाद सावधानी के साथ खेलते हुए नाबाद 31 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। उनके साथ दूसरे छोर पर टेविन इमलाक 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से जडेजा ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप ने 45 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। लंच के बाद शुभमन गिल ने शतक बनाकर तेजी के साथ रन बनाने शुरु किए। इसी दौरान 135 ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस्टर चेज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर भारत को पांचवां झटका दिया और इसी के साथ भारत ने 518 रन के स्कोर पर पारी घोषित कर दी है। शुभमन गिल ने 196 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 129 रनों की पारी खेली। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 318 रन से आज आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र के दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल रनआउट के रूप में भारत का तीसरा विकेट गिरा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### अनमोल खरण सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनमोल खरब ने आर्कटिक ओपन 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फिनलैंड के वांता में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओलंपिक्स डॉट कॉम वेबसाइट के अनुसार, महिला एकल बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में विश्व में 62वें स्थान पर काबिज 18 वर्षीय भारतीय शटलर ने डेनमार्क की विश्व में 63वें स्थान पर काबिज अमाली शुल्ज को मात्र 36 मिनट में 21-15, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट में अनमोल खरब का सबसे अच्छा प्रदर्शन पिछले साल गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहा था।

### आप सिर्फ पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने वाले भारतीय दल को शनिवार को सम्मानित किया और उनके असाधारण जज्बे, दृढ़ संकल्प और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की सराहना की।

भारत विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित कुल 22 पदक जीतकर 10वें स्थान पर रहा। खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने पैरा एथलीटों को 1-09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। भारत की मेजबानी में हुए इस टूर्नामेंट में 100 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया था। आज यहां सम्मान समारोह के दौरान मांडविया ने कहा कि आप पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं।

# भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में

**कराची, वार्ता।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए।

नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया, श्आज तक ट्रॉफी दुबई के एसीसी ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी। भारत ने 28 सितम्बर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। एशिया कप फाइनल के बाद



● मोहसिन नकवी ने कहाः मेरी इजाजत के बिना न दें, टीम इंडिया ने उनके हाथों ट्रॉफी नहीं ली थी

नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन होने के नाते प्रेजेंटेशन सेरेमनी में आए थे। सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने कहा कि भारतीय टीम उनसे अवार्ड्स नहीं लेगी। भारतीय टीम एसीसी के किसी अन्य अधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेने को तैयार थी, पर नकवी खुद ट्रॉफी देने पर अड़ गए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतर गए। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। दूसरी ओर, पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बार-बार 6-0 के इशारे किए थे। वे पाकिस्तान के इस फर्जी दावे को दोहरा रहे थे कि पाकिस्तान ने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 फाइटर जेट गिराए थे। नकवी ने कहा था- मैं कार्टून की तरह खड़ा था 10 सितम्बर को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत के चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। नकवी ने कहा, श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 1 अक्टूबर को खबर आई थी कि नकवी ने बीसीसीआई के विरोध के बाद एशिया कप ट्रॉफी को एसीसी ऑफिस में जमा करा दिया है। भारतीय बोर्ड ने एसीसी की एनुअल मीटिंग में नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। इतना ही नहीं, भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो महाभियोग लाकर उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है।

# कप्तान के रूप में गिल ने जड़ा अपना 5वां टेस्ट शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को कप्तान के रूप में मात्र 12 पारियों में अपना पांचवां शतक जड़ा। यह कुल मिलाकर उनका 10वां टेस्ट शतक है। कप्तान के रूप में गिल का यह शतक एक ऐसा रिकॉर्ड है जो उन्हें एलेस्टेयर कुक और सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों की श्रेणी में ला खड़ा करता है। गिल ने खैरी पियरे की गेंद को कवर के ऊपर से तेजी से कट किया और तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। प्रशंसको का आभार व्यक्त करते हुए अपनी टोपी उठाई और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को गले लगा लिया। गिल ने 177 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। गिल की यह उपलब्धि केवल आंकड़ों के लिए ही उल्लेखनीय नहीं है। कुक नौ पारियों में पांच शतकों के साथ पहले और दस पारियों में गावस्कर ही कप्तान के रूप में सबसे तेज पांच शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वास्तव में इससे पहले केवल विराट कोहली ही एक कैलेंडर वर्ष में भारतीय कप्तान के रूप में पांच टेस्ट शतक लगा पाए थे। उन्होंने यह उपलब्धि दो बार, 2017 और 2018 में हासिल की थी।

कप्तान के रूप में गिल कुक और सुनील गावस्कर की श्रेणी में पहुंचे



# पार्थसारथी व तविश पाहवा ने अंडर-16 वर्ग में खिताब जीता

● पार्थसारथी ने श्रीनिती चौधरी को तीन सेटों के मुकाबले में 6-0, 3-6 व 6-4 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पार्थसारथी मुंधे और आठवीं वरीयता प्राप्त तविश पाहवा शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2025 के अंडर-16 वर्ग में चैंपियन बने।

लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, पार्थसारथी को कड़ी टक्कर देनी पड़ी और उन्होंने श्रीनिति चौधरी को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-0, 3-6, 6-4 से हराया। उन्होंने पहला सेट बिना कोई गेम गंवाए आसानी से जीत लिया, लेकिन श्रीनिति ने दूसरे सेट में प्रभावशाली वापसी करते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2-4 से पिछड़ने के बाद, अपनी दृढ़ता का परिचय देते हुए अगले चार गेम लगातार जीतकर एक घंटे 57 मिनट में खिताब अपने नाम कर लिया। इस बीच, लड़कों के अंडर-16 एकल वर्ग के फाइनल में, तविश पाहवा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए मन्नान अशोक अग्रवाल को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। तविश ने दोनों सेटों में लगातार बेसला. इन खेल और महत्वपूर्ण सर्विस ब्रेक के साथ रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। मन्नान ने दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन तविश के सधे हुए शॉट चयन और मान. सिक दृढ़ता ने उन्हें सीधे सेटों में खिताब जीतने में मदद की। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित, फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे होनहार जूनियर टेनिस प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है।

# मेदवेदेव शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में

● फ्रांस के आर्थर ने कनाडा के फेलिक्स को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**शंघाई, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को सातवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2019 के शंघाई मास्टर्स चैंपियन ने ऐस लगाकर जीत पक्की की और अब अपने करियर के 61वें एटीपी टूर सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। मेदवेदेव, जिन्होंने पिछले राउंड में लर्नर टिएन के खिलाफ लगभग तीन घंटे संघर्ष किया था, ने कहा कि मैं बहुत थका हुआ था, और मुझे पता था कि एलेक्स के खिलाफ, लर्नर की तरह, हमारे पास लंबे अंक होंगे। मुझे लगता है कि तीसरे या चौथे गेम में हमारी कुछ लंबी रैलियां हुईं, और मुझे लगा कि यह एक लंबा दिन होगा, लेकिन मैं अपने खेल से खुश हूं। मैंने महत्वपूर्ण क्षणों



में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, गेंद को शानदार तरीके से मारा और उस पर दबाव डाला। दूसरा सेट कड़ा था, लेकिन अंत में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैं इस स्तर से वास्तव में खुश हूं। इस बीच, फ्रांस के आर्थर रिंडरक्नेच ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 6-4 से हराकर अपने पहले शंघाई मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 1995 में जन्मे रिंडरकनेच इस साल के टूर्नामेंट के सबसे चौंकाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उनकी करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग इससे पहले 42वें स्थान पर थी। रिंडरकनेच ने कहा कि यह अविश्वसनीय रहा है, और आज मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। मुझे खुशी है कि यह सीधे सेटों में हुआ, इसलिए मैं कल के लिए ज़्यादा थका हुआ नहीं हूं।

### रणजी ट्रॉफ़ी में वापसी करेंगे सरफराज, सूर्या को जगह नहीं

**मुंबई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर 15 अक्तूबर से शुरू हो रही रणजी ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई की कप्तानी करेंगे। श्रीनगर में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम में शिवम दुबे और सरफ़राज खान भी शामिल हैं। पिछले सीजन तक मुंबई की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे टीम में मौजूद हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव टीम का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर भारत की इंग्लैंड दौरे वाली टेस्ट टीम का हिस्सा थे और पांच में से दो टेस्ट खेले थे, लेकिन मौजूदा वेस्टइंडीज दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ। उनका पिछला प्रथम श्रेणी मैच दलीप ट्रॉफ़ी में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ़ था। सरफराज दलीप ट्रॉफ़ी से बाहर थे क्योंकि उन्हें बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी। दुबे ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के लिए रवाना होने से पहले रणजी ट्रॉफ़ी का पहला राउंड खेलेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी भारतीय टीम

● भारत का शीर्ष और मध्यक्रम अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम रविवार को आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 13वें मैच में डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम से भिड़ेगी, जहां उसे अपने चरित्र और कौशल की कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

कागज़ों पर, यह दो क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच मुक. ाबला है( लेकिन व्यवहार में, यह संयम की लड़ाई है, जहां भारत का शीर्ष और मध्य क्रम आज के महिला क्रिकेट के किसी भी गें. दबाज़ी आक्रमण की तरह अनुशासित और निर्मम गेंदबाजी आक्रमण का सामना कर रहा है। भारत का अब तक का अभियान विरोधाभासों से भरा रहा है।



श्रीलंका और पाकिस्तान पर जीत ने टीम की चमक दिखाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार ने लचताजनक असंगति को उजागर किया, खासकर शीर्ष और मध्य क्रम में। शीर्ष क्रम की मुख्य खिलाड़ी स्मृति मंधाना अच्छी शुरुआत को सार्थक पारी में बदलने के लिए जूझ रही हैं, तीन मैचों में केवल 54 रन बना पाई हैं, जो उनके स्तर की खिलाड़ी से अपेक्षित से बहुत कम है। जेमिमा रोड्रिग्स और प्रतीका रावल का योगदान छिटपुट रहा है, और यहां तक कि कप्तान हरमनप्रीत कौर भी लगातार अपनी लय नहीं बना पाई हैं, जिससे भारत जल्दी ही बिखरने का शिकार हो गया है। ऐसी शुरुआत ने निचले क्रम को बोझ उठाने पर मजबूर कर दिया है, और अक्सर बढ़ते दबाव में पारी को संभाला है। इन मुश्किलों के बीच, ऋचा घोष उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी 94 रनों की पारी ने आक्रामकता और नियंत्रण का संयोजन करने की उनकी क्षमता को दर्शाया है, और उन्होंने उस समय विरोधियों का डटकर सामना किया जब दांव सबसे ज़्यादा था। स्नेह राणा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, जिससे भारतीय टीम में लचीलेपन की गहराई का पता चलता है। फिर भी, क्रिकेट उस टीम के लिए शायद ही कभी अच्छा होता है जो एक या दो खिलाड़ियों पर बहुत अधिक निर्भर करती है, और एक अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ, भारत को अपनी वरिष्ठ बल्लेबाज़ों से और अधिक प्रदर्शन की आवश्यकता होगी। ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी फॉर्म में है। हीली, एलिस पेरी, बेथ मूनी और फोएबे लिचफील्ड जैसी उनकी बल्लेबाजी लाइनअप गहरी और अनुभवी है।

### उपेन्द्र रेलवे के लिए रणजी टीम में चयनित

**गोरखपुर, वार्ता।** गुजरात के सूरत में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित रणजी ट्राफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से उपेन्द्र यादव का चयन हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि इसी क्रम में, बेंगलुरु में 16 से 19 अक्टूबर तक तथा चंडीगढ़ में 26 से 29 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में भाग ले रही भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए पूर्वोत्तर रेलवे से अंचित एवं विराट का चयन हुआ है और साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के प्रशान्त अवस्थी भारतीय रेलवे पुरुष अंडर-23 क्रिकेट टीम के कोच होंगे। सूरत में आयोजित इस रणजी ट्राफी में पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ी उपेन्द्र भारतीय रेल की टीम का हिस्सा हैं।

### म्लाबा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को महिला विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच के दौरान आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया। आईसीसी ने गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में बाएं हाथ की स्पिनर ने 17वें ओवर में हरलीन देओल को आउट करने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाने का इशारा किया था। मैच अधिकारियों ने इस हरकत को भड़काऊ माना। म्लाबा को अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो कि किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी भाषा, क्रिया या हाव-भाव का अपमान करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। म्लाबा ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के तहत आरोप स्वीकार कर लिया है यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है। अंपायर जैकलीन विलियम्स, किम कॉटन, कैंडेस ले बोर्डे और सू रेडफर्न के आरोप पर मैच रेफरी ट्रुडी एंडरसन ने यह सजा सुनाई। लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है।

# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा आत्मघाती हमला

## छह आतंकवादी मारे गए, सात जवानों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद से जूझ रहा है। भुखमरी, महंगाई और बेरोजगरी से त्रस्त पड़ोसी देश की आए दिन होने वाले आत्मघाती हमलों ने कमर तोड़ दी है। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर हुए आतंकी हमले के बाद पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन और आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार (11 अक्टूबर) को बताया कि गोलीबारी में छह और पुलिसकर्मी मारे गए।

डेरा इस्माइल खान जिले के रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हुए हमले के बाद पुलिसकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए थे, और कुछ अन्य के परिसर के अंदर छिपे होने की बात कही गई थी। शुक्रवार देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर आई थी, जिससे हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इस अभियान में एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रक को पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के मुख्य द्वार से टकरा दिया, जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद वर्दी पहने आतंकवादी परिसर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को घेर लिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादी हथगोले फेंकते रहे। डीपीओ डेरा इस्माइल खान साहिबजादा सज्जाद अहमद और आरपीओ सैयद अशफ़ाक अनवर ने मौके पर अभियान की व्यक्तिगत निगरानी की। पांच घंटे की कड़ी मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने उनके पास से आत्मघाती जैकेट, विस्फोटक, आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। 13 घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। डीपीओ के अनुसार हमले के दौरान प्रशिक्षण स्कूल में लगभग 200 प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने पुष्टि की कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए तलाशी और सफाई अभियान जारी है।



■ देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई



इंग्लैंड। मैनचेस्टर में मुक्केबाज रिकी हैटन के अंतिम संस्कार के दौरान मैनचेस्टर कैथेड्रल के बाहर जमा भीड़।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में भारी बारिश से 28 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य और पूर्वी मेक्सिको में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिका. रियों ने शुक्रवार को यह जानक. ारी दी। उनहोंने बताया कि सबसे ज़्डादा मौतें पूर्वी मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य में (16 मौतें) हुईं और लगभग 1000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मध्य मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में पाँच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हो गए, जबकि वेराक्रूज़ में दो और क्वेरेटारो में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चीन ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि वेनेजुएला के पास अमेरिकी सैन्य अभियान इसकी प्रमुख वजह है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने की आड़ में वेनेजुएला के कैरिबियन जलक्षेत्र में हाल ही में अमेरिकी सेना की तैनाती की आलोचना की। उन्होंने वेनेजुएला के जहाजों को डुबोने, नाविकों पर गोली चलाने और मछली पकड़ने वाली नौकाओं को ज़ब्त करने जैसी कार्रवाइयों का उल्लेख किया और कहा कि इनसे क्षेत्रीय तनाव बढ़ा है।

### हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र वोलोंगोंग के दक्षिण में शनिवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने एक बयान में बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शेलहार्बर हवाई अढे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के ज़मीन से टकराते ही उसमें आग लग गई।

# ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100% अतिरिक्त टैरिफ

## रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज, कहाः चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में निर्मित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह आयात शुल्क चीन की निर्यात नीति के जवाब में लगाया गया है, जिसमें वह दुर्लभ खनिजों पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रहा है, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा उद्योगों के लिए बहुत अहम हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी आगामी बैठक के बारे में कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। ट्रम्प की जिनपिंग के साथ दक्षिण कोरिया में अगले एक पखवाड़े में बैठक निर्धारित है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर आयात शुल्क बढ़ोतरी का खुलासा करते हुए कहा कि नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे।

इसके अलावा ट्रम्प ने घोषणा की कि उनका प्रशासन दुर्लभ खनिज निर्यात पर चीन की कड़ी पकड़ के जवाब में किसी भी और सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विश्वास करना बहुत कठिन है कि चीन ने ऐसी कार्रवाई की होगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया और बाकी सब इतिहास है। उन्होंने चीन द्वारा अचानक दुर्लभ खनिज निर्यात नियंत्रण पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा इसे अचानक उठाया गया कदम करार दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। मैं वहां ज़रूर जाउंगा। लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया। अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आये और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था। ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाए जाएंगे। एक नवम्बर से लागू होने वाले ये शुल्क चीन की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रभावी होंगे, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध और खराब हो जाएंगे। शेयर बाजारों ने इस खबर पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, नैस्डैक में 3.6 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन ने इस हफ्ते नए प्रतिबंध लागू किए हैं जिनके अंतर्गत विदेशी संस्थाओं को चीन से प्राप्त या चीन में प्रसंस्कृत 0.1 प्रतिशत से जयादा दुर्लभ खनिजों वाले किसी भी उत्पाद के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है।

चीन वर्तमान में दुनिया भर में दुर्लभ खनिजों की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति को नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफ़ोन से लेकर सैन्य उपकरणों तक की तकनीकों के लिए ज़रूरी हैं। वर्तमान में चीन की वस्तुओं पर 30 प्रतिशत अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है, जिसे ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू किया था, जिसमें उन्होंने चीन पर फेंटेनाइल व्यापार को बढ़ावा देने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। इस हफ़्ते की शुरुआत में, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि दुर्लभ खनिज निर्यात के संबंध में चीन की बेहद शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के बाद जिनपिंग से मुलाक़ात करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ उत्तर देने की तैयारी कर रहा है। उनसे जब पूछा गया कि अगर चीन अपने प्रतिबंध हटा लेता है, तो क्या अमेरिका अतिरिक्त शुल्क हटा लेगा, तो ट्रम्प ने जवाब दिया कि हमें देखना होगा कि क्या होता है और इसीलिए इसके लागू करने की तारीख एक नवम्बर रखी गई है। ट्रम्प ने निर्यात पर और अधिक नियंत्रण लगाने का भी संकेत दिया तथा कहा कि विमान के पुर्जे भी अमेरिका के निशाने पर हो सकते हैं।



■ नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे
■ मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है, मैं वहां ज़रूर जाउंगा, लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया: ट्रम्प

### ट्रम्प को शांति पुरस्कार न देने पर नोबेल समिति की आलोचना

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेजुएला के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अपना सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए 'शांति पर राजनीति' को तरजीह देने का आरोप लगाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को समिति ने घोषणा की कि मारिया कोरिना मचाडो को 'वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य' के लिए शांति पुरस्कार दिया जाएगा। ट्रंप इस पुरस्कार की अपनी इच्छा के बारे में मुखर रहे हैं और कई वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने का श्रेय लेते रहे हैं। उन्होंने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान भी, नियमित रूप से इस मुद्दे को उठाया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीबीसी के अमेरिकी मीडिया पार्टनर सीबीएस को बताया कि उन्होंने सुमचाडो को बधाई देने के लिए फोन किया और कहा कि वह इस पुरस्कार की हकदार हैं। शुक्रवार सुबह घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति पर राजनीति को तरजीह देते हैं। चेउंग ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और जानें बचाते रहेंगे।

# गाजा के कुछ हिस्सों से इजरायली सेना पीछे हटी

■ सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है
■ युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है

**दुबई।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद इजरायल ने सैनिकों को गाजा के कुछ हिस्सों से आंशिक रूप से वापस बुला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की सेना ने कहा कि वे समझौते के तहत शुक्रवार को वापस लौट आए हैं, हालांकि सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है। यह युद्धविराम गुरुवार को इजराइल की सरकार द्वारा अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम और बंधक वापसी समझौते के पहले चरण को मंजूरी देने के बाद लागू हुआ।

युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है। समझौते के तहत हमास सोमवार को स्थानीय समयानुसार 12:00 बजे तक सभी इजरायल के बंधकों को छोड़ेगा, जिसमें 20 जिंदा समेत 28 बंधक शामिल हैं। इजरायल भी उम्रकैद की सजा काट रहे करीब 250 फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। इजरायल सेना रेडियो ने कहा कि पश्चिम बैंक से 100 और पांच पूर्वी यरुशलम से छोड़े जाएंगे। साथ ही और भी कैदियों को भेजने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हिरासत में लिए गए गाजा के 1700 फलस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा। समझौत की शर्तों के तहत चिकित्स एवं राहत सहायता ट्रकों को भी गाजा की जनता तक अत्यंत आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए पट्टी में अप्रतिबंधित रूप से प्रवेश की अनुमति मिलेगी जिनमें से कई लोग दो वर्ष के युद्ध के दौरान बार-बार विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित विशेषज्ञों ने अगस्त में पहली बार इस क्षेत्र के एक हिस्से में अकाल की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि 500000 से अधिक लोग 'भुखमरी, गरीबी और मृत्यु' जैसी 'विनाशकारी' परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं , हालांकि इजराइल ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि उसके क्षेत्र में भुखमरी है। इस बीच गाजा में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैनिक गाजा शहर के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके से पूर्व की ओर वापस चले गए हैं। दक्षिणी इलाके में कुछ इज़रायली सैनिकों के खान यूनिस क्षेत्र से भी पीछे हटने की रिपोर्ट है।

## पुतिन गाजा युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गाजा में युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इस शांति समझौते को व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला है, जिसमें इस क्षेत्र से सीधे तौर पर जुड़े देशों के साथ-साथ ईरान और रूस जैसी वैश्विक शक्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा जयादातर देशों ने इन सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया है। हर देश इसमें शामिल है। ईरान भी इसमें शामिल हुआ-मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई। मुझे गर्व है कि ईरान ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा रूस भी इसमें शामिल हुआ। राष्ट्रपति पुतिन। इसका पूरा समर्थन करते हैं। इसलिए मुझे यह देखकर खुशी हुई कि जिन देशों ने इस प्रक्रिया में ज़रूरी तौर पर शामिल नहीं थे, उन्होंने भी इसका समर्थन किया। पुतिन ने कहा कि गाजा पट्टी के लिए शांति योजना पर ट्रंप की पहल को अरब जगत में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि रूस ने गाजा पर ट्रंप की पहल का लगभग तुरंत समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना इस कठिन समस्या से जुड़े सभी मुद्दों के दीर्घकालिक स्थिरीकरण और समाधान के लिए मुख्य शर्त है।

## जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करती है: हरिवंश

**बारबाडोस।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो सभी को प्रभावित करता है। हरिवंश ने आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के दौरान 'द कॉमनवेल्थ -ए ग्लोबल पार्टनर' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो हम सभी को प्रभावित करता है। ऐसे दौर में ग्रीन ग्रोथ हमारा साझा भविष्य है। इसके लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें ग्लोबल साउथ में अपने मित्रों के साथ भी खड़े रहना चाहिए।

# नॉर्थ गाजा लौट रहे हजारों फलस्तीनी

## स्कूल-अस्पताल व घर मलबे में तब्दील हुए, सीजफायर की निगरानी के लिए 200 सैनिक भेजेंगे ट्रम्प

**गाजा।** गाजा में शुक्रवार को सीजफायर लागू होने के बाद फलस्तीनी वापस अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। हजारों लोग दक्षिणी गाजा से पैदल ही गाजा सिटी की तरफ जा रहे हैं। दो साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल से युद्ध के चलते नार्थ गाजा को लोगों ने खाली कर दिया था।

नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है। यहां न बिजली है, न पानी और न ही कोई बुनियादी ढांचा (स्कूल, अस्पताल) बचा है। फिर भी, कई लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। अपने घर लौटे एक व्यक्ति ने मीडिया से कहा कि मेरे घर का सिर्फ निशान मिला है, पूरा मोहल्ला मलबे में दफन है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मध्यस्थता से यह युद्धविराम हुआ, जिसके तहत हमास 72 घंटे के भीतर जीवित इजरायल बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले इजरायल 250 फलस्तीनी कैदियों और 1700 हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करेगा। इजरायल ने 53 प्रतिशत इलाके से सेना हटाने की घोषणा की है और अब 600 राहत ट्रक रोजाना गाजा पहुंचेंगे। वहीं, गाजा में 200 अमे. रिकी सैनिकों की भी तैनाती की जाएगी। गाजा में युद्धविराम के बाद अमेरिका ने सैनिकों की सीमित तैनाती की घोषणा की है।



■ नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है

### ट्रम्प करेंगे मिस्र, इजरायल का दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करेंगे जहां वह गाजा युद्ध विराम समझौते के बाद क्षेत्रीय शांति निर्माता के रूप में अपनी कथित भूमिका को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प सोमवार सुबह इजरायल पहुंचेंगे जहां उनके नेसेट को संबोधित करने और उसी दिन वहां से रवाना होने की उम्मीद है। उनकी यह यात्रा युद्धविराम समझौते के अंतर्गत हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की समय सीमा के साथ मेल खाती है। ट्रम्प का मुक्त किए गए बंधकों से मिलने की भी संभावना है। राष्ट्रपति ट्रम्प की यह यात्रा नोबेल शांति पुरस्कार समिति द्वारा पुरस्कार के लिए ट्रम्प के सार्वजनिक अभियान को नजरअंदाज करने के कुछ ही दिनों बाद हो रही है।

# मैक्रों ने किया लेकोर्नु को फिर पीएम नियुक्त

## चार दिन पहले ही सेबेस्टियन लेकोर्नु ने पद से इस्तीफा दिया था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चार दिन पहले ही लेकोर्नू ने पद से इस्तीफा दिया था। इससे देश में एक सप्ताह तक भारी राजनीतिक उथल-पुथल रही।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने शुक्रवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने एलिसी पैलेस में सभी मुख्य दलों के साथ बैठक की, जिसमें धुर दक्षिणपंथी एवं धुर वामपंथी नेताओं को छोड़कर अन्य सभी शामिल थे। लेकोर्नु की वापसी आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने दो दिन पहले ही राष्ट्रीय टीवी पर कहा था कि वह पद के पीछे नहीं भाग रहे थे और उनका मिशन पूरा हो चुका है। यह निश्चित नहीं है कि वह सरकार बना पायेंगे या नहीं, लेकिन उन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करना होगा। नए प्रधानमंत्री के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है। एलिसी पैलेस ने कहा कि राष्ट्रपति ने लेकोर्नु को सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है और मैक्रों की पार्टी ने संकेत दिया है कि उन्हें कार्य करने की पूरी छूट प्रदान की गई है। लेकोर्नु मैक्रों के सबसे वफादार सहयोगियों में से एक हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए मिशन को मैंने कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है, ताकि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट प्रदान किया जा सके और हमारे देशवासियों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस सप्ताह फ्रांसीसी टीवी पर लेकोर्नु ने स्वयं को 'सैनिक-भिक्षु' कहा था और सरकार बनाने की तैयारी करते हुए उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं इस मिशन में सफल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। फ्रांस के राष्ट्रीय ऋण में कमी लाने तथा बजट घाटे में कटौती करने के तरीकों पर राजनीतिक मतभेद होने के कारण पिछले वर्ष तीन में से दो प्रधानमंत्रियों को पद त्यागना पड़ा था, इसलिए लेकोर्नु के सामने चुनौती बहुत बड़ी है।





■ नए पीएम के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है

### ई3 देश गाजा के पुनर्निर्माण में योगदान देने को तैयार

**मास्को।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने अभी हाल ही में इजराइल और फलस्तीन के हमास के बीच घोषित युद्धविराम योजना के अनुरूप गाजा के पुनर्निर्माण और संक्रमणकाल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि ई3 गाजा में इजरायल द्वारा बस्ती बसाए जाने का विरोध करती है। ई3 देशों की भागीदारी एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा होगी जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, अरब देश और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन और अन्य मध्यस्थों ने इस सप्ताह इजराइल और हमास के बीच एक युद्धविराम समझौता करवाया है जिससे संभवतः दो साल पहले शुरू हुए उस युद्ध का अंत हो सकता है।

# भारत लोकतंत्र और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण: बिरला

**बारबाडोस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है और संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है।

बिरला ने 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में 'राष्ट्रमंडल- एक वैश्विक भागीदार' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कभी खाद्यान्न के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर था और ऐसे चुनौतीपूर्ण समय से लेकर विश्व शक्ति के रूप में सुस्थापित होने का सफ़र प्रभावशाली रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत ने 150 से जयादा देशों को दवाइयां और टीके पहुंचाकर यह सिद्ध किया कि स्वास्थ्य अधिक. ार है, विशेषाधिकार नहीं।



■ संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा





# दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा

**अबू धाबी।** दीपिका पादुकोण के बाद सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अबू धाबी पहुंचे हैं। दोनों ने अबू धाबी की शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का दौरा किया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इसकी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह जोड़ा मस्जिद में टहल रहा है। सोनाक्षी के मुताबिक उन्हें यहां सुकून मिला है। उनकी इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।

एक यूजर ने लिखा जूतों के साथ मस्जिद में जाना बहुत गुनाह है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है जहीर भाई एहतराम अल्लाह को पसंद है। मस्जिद के लिए थोड़ी इज्जत रखिए। आप इतने बड़े नहीं हैं कि मस्जिद में जूते उतार कर न जाएं। यहां सोनाक्षी की गलती नहीं है। कई यूजर्स ने सोनाक्षी का सपोर्ट किया है। एक यूजर ने लिखा आपकी ड्रेस फ्लोर से मैच कर रही है। एक और यूजर ने लिखा तो सोनाक्षी के लिए ये आम बात है। दीपिका के लिए नहीं? दोनों एक ही मस्जिद में गईं और दोनों अपने-अपने पतियों के साथ खूबसूरत लग रही थीं। क्या हम लोगों को ट्रोल करना बंद कर सकते हैं और उन्हें शांति से जीने दे सकते हैं, इससे पहले दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी की एक मस्जिद में एक विज्ञापन शूट कराया था। उन्होंने अबू धाबी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया था। इस दौरान उन्होंने अबाया और हिजाब पहना था। इस पर उन्हें कई यूजर्स ने ट्रोल किया था। आपको बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने पिछले साल जून में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई के एक आलीशान रेस्टोरेंट में एक पार्टी रखी थी। इसमें कई बालीवुड हस्तियां शामिल हुई थीं।



## विजय के बाद अब रश्मिका के हाथ में दिखी रिंग

**मुंबई।** साउथ और बॉलीवुड की चर्चित जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच अब उनके सगाई की खबर आग की तह फैल गई।

हैदराबाद में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में 3 अक्टूबर को हुई इस सगाई की झलक तो अब तक फैंस को देखने को नहीं मिली है, लेकिन अब विजय के बाद रश्मिका के हाथों की अंगूठी ने भी सभी का ध्यान खींच लिया है। रश्मिका ने हाल ही में अपने पेट डाग आरा के साथ एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया। वीडियो तो मजेदार था, लेकिन फैंस की नजर सबसे पहले पड़ी उनके हाथ में चमकती डायमंड रिंग पर। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, कमेंट सेक्शन में बधाइयों की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा, ओएमजी। वो रिंग तो लाजवाब है। तो किसी ने कहा, फाइनली हमने रिंग देख ही ली। वीडियो के जरिए भले ही रश्मिका ने सीधे कुछ न कहा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और उस रिंग ने सबकुछ बयान कर दिया।

## पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर बोली करीना कपूर

**मुंबई।** करीना कपूर हाल ही में अपनी ननद और एक्ट्रेस सोहा अली खान के पाडकास्ट का हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर खुलकर बात की। करीना ने बड़े बेटे तैमूर से जुड़ी जानकारी भी शेयर की। एक्ट्रेस ने बताया कि तैमूर को एक्टर से ज्यादा क्रिकेटर पसंद हैं। तैमूर विराट कोहली और रोहित शर्मा का बड़ा ॆन है। करीना ने पाडकास्ट में कहा कि तैमूर अभी चीजों को एक्सप्लोर कर रहा है, लेकिन उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे एक्टिंग में मजा नहीं आता है। उन्होंने कहा, टिम को ड्रामा या एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। जब उसे स्कूल में एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज चुननी होती, तो मैं लिस्ट पढ़कर और उससे पूछती हूं कि क्या तुम इस साल ड्रामा करना चाहते हो? वो नहीं कहता है। मैं जब वजह पूछती तो वो कहता, नहीं, मुझे इसमें मजा नहीं आता।




## रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला की आने वाली फिल्म काफी चर्चा में है। सेट से झलकियां और लीक हुई तस्वीरें सामने आने के बाद से ही यह प्रोजेक्ट सुर्खियों में है। ऐसे में जब इस तिकड़ी को साथ में शूटिंग करते देखा गया, उसके बाद फैन्स के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई यह जानने के लिए कि आखिर यह टीम किस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। टीम ने हाल ही में आखिरी शेड्यूल खत्म किया है, जिससे इस साल के सबसे बड़े और रोमांचक प्रोजेक्ट्स में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, शूटिंग आराम से पूरी हो गई है और मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा करने की सोच रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर अगले हफ्ते आ सकती है।

## फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज

**मुंबई।** सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधारा, के विजुअली शानदार टीजर और धना पिशाची गीत के बाद, मेकर्स ने अब फिल्म का सबसे जबर्दस्त डांस नंबर पल्लो लटके, पेश किया है,जो अपने हाई-एनर्जी बीट्स और जोशीले मूव्स के साथ हर डांस फ्लोर को जगमगाने के लिए तैयार है। पल्लो लटके गीत में जहां सुधीर बाबू अपने स्टाइलिश लुक और दमदार स्क्रीन प्रेजेन्स से दिल जीत ले रहे हैं, वहीं श्रेया शर्मा अपनी ग्रेस और एनर्जी से हर फ्रेम में चार चांद लगा रही हैं।

